कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस केवल एक दिन का उत्सव नहीं, बल्कि योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाने का अवसर है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में मानसिक तनाव और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ रही हैं तथा स्वास्थ्य पर होने वाला खर्च भी लगातार बढ़ रहा है। योग मानसिक शांति, आत्मसंतुलन और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि युवा राष्ट्र की शक्ति हैं और वरिष्ठजन उसकी धरोहर, इसलिए प्रत्येक आयु वर्ग के लोगों को नियमित योगाभ्यास करना चाहिए। साथ ही बच्चों को प्रारंभिक अवस्था से ही योग सीखने और अपनाने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। इस कार्यक्रम में माध्यमिक शाला तिलाईमुड़ा, रामानुजनगर के विद्यार्थियों ने योग का आकर्षक एवं अनुशासित प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों की सराहना प्राप्त की। योग गुरु श्री रामप्रताप रजवाड़े के मार्गदर्शन एवं सान्निध्य में सामूहिक योगाभ्यास कराया गया।

## 7 दिवस के भीतर सुरक्षा प्रहरियों को एचपीसी वेजेस एवं बकाया एरियर भुगतान नहीं होने पर आमरण अनशन की चेतावनी

**सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार)**-संयुक्त कोयला मजदूर संघ ने एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र ने मेसर्स एस के एम पी एल द्वारा संचालित केतकी भूमिगत खदान में कार्यरत सुरक्षा प्रहरियों के साथ हो रहे आर्थिक शोषण एवं श्रम कानूनों के उल्लंघन के विरुद्ध कड़ा रुख अपनाते हुए एसईसीएल प्रबंधन को 7 दिवस का अंतिम अल्टीमेटम दिया है। यूनियन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि निर्धारित अवधि के भीतर श्रमिकों को एच पी सी वेजेस एवं बकाया एरियर का भुगतान सुनिश्चित नहीं किया गया तो मजदूर एवं यूनियन पदाधिकारी आमरण अनशन एवं आंदोलन प्रारंभ करने के लिए बाध्य होंगे।

संयुक्त कोयला मजदूर संघ (एटक) के क्षेत्रीय सचिव श्री पंकज कुमार गर्ग ने बताया कि लगभग एक वर्ष पूर्व सुरक्षा प्रहरियों को निर्धारित वेतन से कम भुगतान किए जाने का मामला क्षेत्रीय श्रम आयुक्त बिलासपुर के समक्ष उठाया गया था। मामले की सुनवाई के उपरांत माननीय क्षेत्रीय श्रम आयुक्त, बिलासपुर द्वारा 15 दिसंबर 2025 को पारित आदेश क्रमांक BSP-01(12)/2025-RLC के माध्यम से तीन माह के भीतर सभी पात्र श्रमिकों को HPC वेजेस एवं बकाया एरियर का भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया था।क्षेत्रीय सचिव बताया कि आदेश में निर्धारित समय-सीमा समाप्त हुए तीन माह से अधिक समय व्यतीत हो चुका है, किंतु आज तक आदेश का पालन नहीं किया गया है। वर्तमान में सुरक्षा प्रहरियों की केंद्रीय न्यूनतम मजदूरी 781 प्रतिदिन है, जबकि ठेका कंपनी द्वारा मात्र ?541 प्रतिदिन भुगतान दर्शाया जा रहा है। वहीं वर्ष 2026 के लिए निर्धारित HPC वेज दर ?1320 प्रतिदिन है। इस प्रकार प्रत्येक श्रमिक को प्रतिदिन लगभग ?539 का कम वेतन देकर आर्थिक नुकसान पहुंचाया जा रहा है।

यूनियन ने आरोप लगाया है कि ठेका कंपनी एवं उसके सब-कॉन्ट्रैक्टर द्वारा विभिन्न शिकायतों से बचने हेतु भ्रामक जानकारी प्रस्तुत की जा रही है तथा श्रम कानूनों की खुलेआम अवहेलना की जा रही है। श्रमिकों की कुल बकाया एरियर राशि एक करोड़ रुपये से अधिक हो चुकी है। साथ ही 08 जून 2026 तक श्रमिकों से प्रतिदिन 12-12 घंटे कार्य कराया गया, जो श्रम नियमों का गंभीर उल्लंघन है।

एटक यूनियन ने एसईसीएल प्रबंधन से मांग की है कि ठेका कंपनी के विरुद्ध तत्काल दंडात्मक कार्रवाई करते हुए सभी श्रमिकों को उनका वैधानिक अधिकार दिलाया जाए। यूनियन ने स्पष्ट किया है कि यदि आगामी 7 दिनों के भीतर HPC वेजेस एवं बकाया एरियर का भुगतान सुनिश्चित नहीं किया जाता, तो श्रमिक अपने लोकतांत्रिक अधिकारों का प्रयोग करते हुए आमरण अनशन एवं उग्र आंदोलन प्रारंभ करेंगे, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी एसईसीएल प्रबंधन एवं ठेका कंपनी की होगी।

इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई तथा Payment of Wages Act के अंतर्गत रिकवरी सर्टिफिकेट (RC) जारी करने हेतु पत्र की प्रतिलिपि मुख्य श्रम आयुक्त (नई दिल्ली), उप मुख्य श्रम आयुक्त (रायपुर) एवं क्षेत्रीय श्रम आयुक्त (बिलासपुर) को भी प्रेषित की गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### बंग समाज का एक प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मिला



**सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार )**-आज अंबिकापुर सर्किट हाउस में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से छत्तीसगढ़ बंग समाज कल्याण समिति का आम प्रतिनिधि मंडल भेंट कर ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री को सौंपे गए ज्ञापन में छत्तीसगढ़ राजपत्र 24 अप्रैल 2023 में प्रकाशित पुनर्वास/शासकीय पट्टाधारियों को प्रदत्त सुविधाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु प्रकाशित संशोधित प्रावधानों का लाभ सभी पुनर्वास पट्टाधारियों को सुनिश्चित रूप से मिले। इसके लिए प्रदेश के समस्त जिला कलेक्टरों को स्पष्ट एवं आवश्यक निर्देश जारी किए जाएं।प्रतिनिधि मंडल में रामू घोष प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ बंग समाज, विजय व्यापारी पूर्व प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ बंग समाज , शिव शंकर दास प्रदेश संरक्षक, छत्तीसगढ़ बंग समाजसुशांत घोष प्रदेश उपाध्यक्ष,छत्तीसगढ़ बंग समाज, गोपाल हालदार प्रदेश कोषाध्यक्ष छत्तीसगढ़ बंग समाज ,जगदीश मंडल प्रदेश कार्यालय प्रभारी छत्तीसगढ़ बंग समाज शामिल थे मुख्यमंत्री ने समाज की मांगों को ध्यानपूर्वक सुना और उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। छत्तीसगढ़ बंग समाज को न्याय दिलाने के लिए मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया।

### Samsung ने स्मार्ट एयर केयर और WindFree™ क्लाइमेट सॉल्यूशंस के साथ प्रीमियम रेजिडेंशियल कूलिंग को नया आयाम दिया

Samsung ने आज अपने अगली पीढ़ी के रेजिडेंशियल क्लाइमेट सॉल्यूशंस की घोषणा की, जो WindFree™ कूलिंग, PM1.0 एयर प्यूरिफिकेशन, SmartThings कनेक्टिविटी और AI-सक्षम VRF तकनीक को एक साथ जोड़कर भारत में प्रीमियम रहने के अनुभव को नया रूप दे रहे हैं। भारत के बड़े शहरों में बढ़ते तापमान और खराब होती वायु गुणवत्ता जैसी चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया Samsung का यह एकीकृत समाधान उपभोक्ताओं को बेहतर स्वास्थ्य, स्वच्छ इनडोर हवा, कनेक्टेड जीवनशैली और ऊर्जा दक्षता प्रदान करता है। यह तैनाती बड़े स्तर पर WindFree™ एयर कंडीशनिंग, PM1.0 प्यूरिफिकेशन, Wi-Fi आधारित SmartThings कनेक्टिविटी और AI-सक्षम VRF आउटडोर यूनिट्स के उपयोग का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है। Samsung India में SAC बिज़नेस के प्रमुख विपिन अग्रवाल ने कहा, "Samsung में हमारा नवाचार हमेशा उपभोक्ताओं की वास्तविक जरूरतों और रोज़मर्रा की चुनौतियों को समझने से शुरू होता है। आज के घर खरीदार केवल कूलिंग नहीं चाहते, बल्कि बेहतर हवा, स्मार्ट कनेक्टिविटी, बुद्धिमान ऊर्जा प्रबंधन और अधिक आराम की भी अपेक्षा रखते हैं।


### अपने सेगमेंट के सबसे दमदार फीचर्स के साथ भारत में जल्द लॉन्च होगा सैमसंग गैलेक्सी एम 47 5G

**गुरुग्राम:** सैमसंग इंडिया ने अपने लोकप्रिय गैलेक्सी एम सीरीज पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए नए स्मार्टफोन गैलेक्सी एम47 5जी के आगामी लॉन्च की घोषणा की है। साल 2019 में पहली बार पेश की गई यह सीरीज पूरी तरह से मेड इन इंडिया और मेड फॉर इंडिया के मूलमंत्र पर आधारित है, जिसे विशेष रूप से भारतीय उपभोक्ताओं की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है। युवा उपभोक्ताओं को ध्यान में रखकर डिज़ाइन किया गया गैलेक्सी एम47 5जी, आधुनिक शैली और दमदार हार्डवेयर का एक बेहतरीन संयोजन पेश करता है। यह स्मार्टफोन जितना स्टाइलिश है, प्रदर्शन के मामले में उतना ही सक्षम भी है। चाहे कंटेंट ब्राउज़ करना हो, एक साथ कई काम करने हों या फिर हाई-एंड गेमिंग का आनंद लेना हो, यह हर मोर्चे पर यूज़र्स को एक सहज और इमर्सिव अनुभव प्रदान करेगा। गैलेक्सी एम47 5जी में सुपरफास्ट परफॉर्मेंस और स्लीक डिज़ाइन का बेजोड़ संगम देखने को मिलेगा। यह स्मार्टफोन एक शक्तिशाली प्रोसेसर, तेज़ रैम और बड़े स्टोरेज से लैस होगा, जो रोजमर्रा के सामान्य कार्यों से लेकर भारी उपयोग के दौरान भी बिना किसी रुकावट के स्मूथ परफॉर्मेंस सुनिश्चित करेगा।

## डी.ए.वी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर में 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर हुआ आयोजन

**सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार)**-डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर में प्राचार्य अनामिका भारती के मार्गदर्शन व नेतृत्व में 21 जून को 'स्वस्थ आयु के लिए योग' थीम पर आधारित 12वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। आयोजन का शुभारंभ योग प्रार्थना से किया गया। कार्यक्रम समन्वयक वरिष्ठ क्रीड़ा शिक्षक पी. के. वैद्य एवं खेल शिक्षिका श्रीमती चित्रावती मिश्रा के निर्देशन में प्राचार्य महोदया, अध्यापक अध्यापिकाएं, कार्यालय स्टाफ विद्यार्थीगण एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के द्वारा सामूहिक रूप से विविध योगासनों ताड़ासन, मकरासन, सुखासन, भुजंगासन, बज्रासन, वृक्षासन, हलासन, शशांक आसान, शवासन, उत्तानपादासन आदि तथा अनुलोम - विलोम , कपालभाति, भ्रामरी, शीतली, ध्यान आदि प्राणायाम की क्रियाएं की गई ।

विद्यालय प्राचार्य महोदया श्रीमती अनामिका भारती जी ने समस्त विद्यालय परिवार बिश्रामपुर को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और सबके स्वस्थ एवं सुखमय जीवन की मंगलकामनाएँ की । उन्होंने अपने उद्बोधन में योग की क्रियाओं के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तनाव रहित स्वस्थ जीवन जीने के लिए योग को अपने जीवन का अनिवार्य अंग बनाना चाहिए। इससे




हमारा सर्वांगीण विकास होता है और स्वस्थ जीवन - शैली विकसित होती है। हमें स्वस्थ रहने के लिए नियमित रूप से योग एवं प्राणायाम की क्रियाएँ अवश्य करनी चाहिए। उन्होंने सफल आयोजन के लिए सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया।

विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं एस.ई.सी.एल. बिश्रामपुर के महाप्रबंधक डॉ. संजय सिंह जी ने समस्त विद्यालय परिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक बधाई देते हुए सभी के निरोग एवं सुखी जीवन की मंगलकामनाएं कीं। संस्कृत शिक्षक अमूल्य भोई के द्वारा समस्त विद्यालय परिवार को अपने मन को हमेशा संतुलित रखने, अपने कर्तव्य, स्वयं के प्रति, कुटुम्ब के प्रति, समाज और विश्व के प्रति, शांति, आनंद और स्वास्थ्य के प्रचार के प्रति प्रतिबद्धता की योग शपथ दिलाई गई।

आयोजन का सफल मंच संचालन वरिष्ठ अध्यापक एल के दास ने किया। आयोजन को सफल बनाने में कार्यक्रम समन्वयक पी. के. वैद्य, रा. से. यो. कार्यक्रम प्रभारी एल.आर.साहू, रा. से. यो समिति सदस्य श्रीमती चित्रावती मिश्रा, नमिता गार्गी एवं स्वयंसेवकों सहित समस्त विद्यालय परिवार का सराहनीय योगदान रहा। सामूहिक शांति पाठ के साथ आयोजन का सफल समापन किया गया।

## संपादकीय

## रिफॉर्म एक्सप्रेस के अंतर्गत बढ़ रही न्यायिक सुगमता....

श्री अर्जुन राम मेघवाल

न्याय सदा से ही मानव सभ्यता का एक अत्यधिक महत्वपूर्ण और अभिन्न स्तंभ रहा है। हमारी प्राचीन सांस्कृतिक विरासत की समृद्ध परंपरा तथा उसके स्थायी प्रतीक सामूहिक रूप से उन संस्थागत व्यवस्थाओं को दर्शाते हैं जिन्होंने मानव सभ्यता की विकास यात्रा को सही मार्ग पर आगे बढ़ाया, मार्गदर्शन किया और निरंतर आगे बढ़ने में सहायता की। मानव सभ्यता के अनवरत विकास के फ्लस्वरूप ज्ञान-विज्ञान और तकनीक से समृद्ध आधुनिक समाज में एक-दूसरे से जुड़े व्यक्तियों और समुदायों के आपसी संबंधों में भी विभिन्न विचारों और मतों के कारण परिवर्तन आया है, तथापि, इसमें कोई संदेह नहीं है कि वैज्ञानिक प्रगति और तकनीकी उन्नति ने देश की सीमाओं से आगे जाकर विचारों के निर्बाध आदान-प्रदान को और अधिक सुगम बनाया है। अनादि काल से, एक विचार की दूसरे विचार पर श्रेष्ठता स्थापित करने की होड़ न्यायशास्त्र के विकास की एक मजबूत नींव रही है। युगों से विचारों और मूल्यों के इस अंतर्संघर्ष के बीच न्यायिक संस्थानों ने सत्य, निष्पक्षता और विधि के शासन में लोगों के विश्वास को पुन: स्थापित करने की जिम्मेदारी निभाई है। इन्होंने एक सेतु का काम किया है जो प्रत्येक संबंधित पक्ष को, यहाँ तक कि उन लोगों को भी जो स्वयं को अलग-थलग महसूस करते हैं, न्याय और सामूहिक कल्याण की एक व्यापक प्रक्रिया से जुड़ाव, विश्वास और सहभागिता का अनुभव कराता है। इसी स्थायी संस्थागत प्रतिबद्धता के कारण एक ऐसी सशक्त व्यवस्था निर्मित होती है जो न केवल न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करती है बल्कि प्रत्येक नागरिक के जीवन को सरल और सुगम बनाने के लिए अनिवार्य है। वर्तमान संदर्भ में विकसित भारतीय न्यायशास्त्र ने स्वयं को आधुनिक चुनौतियों और उपलब्ध अवसरों के अनुरूप ढाल लिया है। हमारी संवैधानिक विरासत हमें स्वतंत्रता सेनानियों और राष्ट्र निर्माताओं का स्वप्न साकार करते हुए एक समतामूलक समाज के निर्माण की दिशा में सतत मार्गदर्शन प्रदान करती है। संविधान की प्रस्तावना में निहित न्याय की त्रिवेणी अर्थात राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक न्याय तथा स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के आदर्श संस्थाओं और व्यक्तियों दोनों के लिए एक नैतिक दिशासूचक के रूप में कार्य करते हैं। स्वतंत्र भारत को संविधान के रूप में एक आदर्श मार्गदर्शक प्राप्त हुआ जिसने हमारे राष्ट्र की प्रगति की दिशा निर्धारित की। देश की आजादी के बाद यद्यपि हमने राजनीतिक स्वतंत्रता प्राप्त कर ली थी, फ्रि भी गहरी जड़ें जमा चुकी औपनिवेशिक मानसिकता भारतीय चिंतन और मूल्यों के लिए एक बौद्धिक अवरोध बनी रही। लॉर्ड मैकाले की शिक्षा नीति, उसके बाद भारत के नागरिकों के लिए बनाए गए दंडात्मक कानून तथा विभिन्न नीतियों ने नियमों का एक जटिल जाल बुन दिया, जिसने देश की जनता की स्वतंत्रता को सीमित किया। 19वीं सदी की मानसिकता और 20वीं सदी के कानून 21वीं सदी की आकांक्षाओं को पूरा नहीं कर सकते। हमें अपनी राष्ट्रीय उपलब्धियों पर अपार गर्व है। फ्रि भी, जब हम मोदी सरकार की बारह वर्षों की विकास यात्रा पर नजर डालते हैं तो शासन व्यवस्था में एक स्पष्ट और सकारात्मक परिवर्तन दिखाई देता है जिसने नागरिकों के जीवन को अनेक स्तरों पर प्रभावित किया है। वर्ष 2014 को हमारे देश की लोकतांत्रिक यात्रा के एक महत्वपूर्ण पड़ाव के रूप में याद किया जाएगा। यह वह वर्ष था जबकि देश में युवाओं की विशाल आबादी (Demographic Dividend) को देश के विकास में सर्वाधिक महत्वपूर्ण (Development Dividend) मानने वाले तीव्र गति से विकसित हो रहे भारत की पूर्ण क्षमता को साकार करने के लिए नीतिगत हस्तक्षेपों को और अधिक प्रभावी और सक्षम बनाया गया। देश के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल और दूरदर्शी नेतृत्व में संपूर्ण शासन व्यवस्था ने रिफॉर्म एक्सप्रेस से प्रेरित विकास की प्रक्रिया को तेजी से अपनाते हुए सशक्तिकरण की शक्ति का परिचय दिया है। इसकी यात्रा को संक्षेप में इस प्रकार बताया जा सकता है कि यह जमीनी स्तर से 'ईज ऑफ लिविंग' को बढ़ावा देने का प्रयास है। साथ ही, 'राष्ट्र प्रथम' के दृष्टिकोण को शीर्ष स्तर से लागू करना भी इसका उद्देश्य है। इसी प्रकार, भारत की न्यायिक सुधारों की यात्रा भी व्यापकता, नवाचार और गहन सामाजिक एवं सभ्यतागत प्रतिबद्धता की एक प्रेरक गाथा रही है। यह एक व्यापक और बहुआयामी दृष्टिकोण को दर्शाती है जिसमें विधायी आधुनिकीकरण, संस्थागत सुदृढ़ीकरण और डिजिटल नवाचार शामिल हैं। 'ईज ऑफ जस्टिस' हमारे लिए मात्र एक कथन नहीं है बल्कि यह एक सुधार का मंत्र है जिसमें न्याय के लिए अदालत की शरण में जाने वालों के लिए 'ईज ऑफ इंगेजमेंट', अधिवक्ताओं और न्यायाधिशों के लिए 'ईज ऑफ वर्किंग' तथा नागरिकों के लिए 'ईज ऑफ अंडरस्टैंडिंग' शाामिल है। न्याय हेतु अदालतों की शरण में जाने वाले नागरिकों की सुविधा के लिए छ्ठ्ठस्॥ योजना के तहत टेली-लॉ, न्याय बंधु और प्रो बोनो सेवाओं के विस्तार ने न्याय प्राप्ति को अत्यंत सुलभ और किफायती बना दिया है। कॉमन सर्विस सेंटर (छ्स्स्) के व्यापक नेटवर्क के माध्यम से संचालित टेली-लॉ कार्यक्रम के तहत ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों के 112 लाख से अधिक लाभार्थियों को अदालतों में मुकदमे दायर करने से पहले मुफ्त कानूनी सलाह प्राप्त करने का लाभ मिला है। ई-फाइलिंग और ई-सेवा केंद्र की सेवाओं ने अदालत में मुकदमा दायर करने वाले व्यक्तियों और न्यायिक व्यवस्था के बीच नियमित संवाद एवं संपर्क को और अधिक सरल बनाया है। आधुनिक प्रौद्योगिकी और सामुदायिक सहभागिता के समन्वय का भारत का यह अनूठा मॉडल वैश्विक स्तर पर एक मानक के रूप में उभरा है। अधिवक्ताओं और न्यायाधीशों के लिए 'ईज ऑफ वर्किंग' को डिजिटल और भौतिक अवसंरचना दोनों में व्यापक विस्तार द्वारा उल्लेखनीय रूप से सुदृढ़ किया गया है। चूंकि जिला एवं अधीनस्थ न्यायपालिका देश के अधिकांश नागरिकों के लिए न्यायिक व्यवस्था का पहला संपर्क बिंदु है, अत: इसे सुदृढ़ करना एक अनिवार्य और व्यावहारिक प्राथमिकता बनी हुई है। इसी दृष्टि से, केंद्र प्रायोजित योजना के अंतर्गत न्यायालय भवन, अधिवक्ता कक्षों, आवासीय इकाइयों तथा डिजिटल अवसंरचना के निर्माण पर विशेष बल दिया गया है। इसके परिणामस्वरूप, देश में न्यायालय भवनों की संख्या वर्ष 2014 के 15,818 से बढ़कर 22,712 हो गई है तथा अत्याधुनिक एकीकृत न्यायालय परिसरों के विकास हेतु वर्ष 2014 के बाद से अब तक 9,400.40 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, 7200 करोड़ रुपए के बजटीय परिव्यय से शुरू की गई ई-कोर्ट चरण-ढ्ढढ्ढ परियोजना का उद्देश्य न्यायालयों को पूर्णत: डिजिटल, पेपरलेस और एआई-सक्षम न्याय वितरण संस्थानों में परिवर्तित करना है। विडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधाएं, वर्चुअल कोर्ट और अदालती कार्यवाही की लाईव स्ट्रीमिंग जैसी पहलों ने न्यायपालिका को लोगों के और करीब ला दिया है तथा न्याय वितरण को अधिक सुलभ, पारदर्शी और कुशल बनाया है। भारत जैसे भाषाई विविधता वाले देश में नागरिकों के लिए 'ईज ऑफ अंडरस्टैंडिंग' का होना 'ईज ऑफ जस्टिस' के व्यापक ढांचे का एक अत्यंत महत्वपूर्ण स्तंभ है।



## जल शक्ति: विकसित भारत की यात्रा को दे रही है गति

सी. आर. पाटिल/ (लेखक भारत सरकार में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री हैं।)



क्या आप जानते हैं कि जल जीवन मिशन दुनिया का सबसे बड़ा ग्रामीण पेयजल आपूर्ति कार्यक्रम है? या फ्रि स्वच्छ भारत मिशन दुनिया का सबसे बड़ा ग्रामीण स्वच्छता अभियान है, जिसने लोगों की सोच और व्यवहार में अभूतपूर्व बदलाव लाया है? और क्या आपको पता है कि नमामि गंगे आज दुनिया की सबसे महत्वाकांक्षी नदी पुनर्जीवन योजनाओं में शामिल है? ये सभी पहल केवल सरकारी योजनाएं नहीं हैं, बल्कि इस बात का उदाहरण हैं कि 145 करोड़ आबादी वाला भारत किस तरह पानी की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए विकसित भारत की दिशा में आगे बढ़ रहा है।जब इतिहासकार भारत की विकास यात्रा को देखेंगे, तो संभव है कि वे पिछले 12 वर्षों को वह दौर बताएं, जब 'जल' देश के विकास का सबसे महत्वपूर्ण विषय बन गया। मानव सम्मान, आर्थिक विकास, जनस्वास्थ्य, कृषि और पर्यावरण संरक्षण पर पानी जितना प्रभाव डालता है, उतना शायद ही कोई दूसरा क्षेत्र डालता हो। लेकिन कई दशकों तक भारत में जल संबंधी समस्याओं का समाधान अलग-अलग और बिखरे हुए तरीकों से किया जाता रहा। पिछले कुछ वर्षों में सबसे बड़ा बदलाव यह आया है कि इन चुनौतियों से निपटने के लिए एकीकृत, गंभीर और दूरदर्शी दृष्टिकोण अपनाया गया, जिसका नेतृत्व स्वयं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने किया। पिछले 12 वर्षों में जल क्षेत्र में जितने बड़े पैमाने पर निवेश और काम हुआ है, वैसा पहले कभी नहीं देखा गया। लेकिन इस बदलाव की अहमियत केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं है। आज पानी को पूरे देश की साझा प्राथमिकता माना जा रहा है, जिसमें सभी विभाग, राज्य, समुदाय और आने वाली पीढ़ियाँ भागीदार हैं। पहले जल क्षेत्र को उतनी प्राथमिकता नहीं मिलती थी, लेकिन प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने जल क्षेत्र की योजना, प्रबंधन और सेवाओं से जुड़ी वर्षों पुरानी कमियों को दूर करने की जिम्मेदारी उठाई। इस बदलाव का सबसे बड़ा उदाहरण जल जीवन मिशन है। जब यह मिशन शुरू हुआ था, तब केवल लगभग 3.23 करोड़ ग्रामीण परिवारों, यानी करीब 17 प्रतिशत ग्रामीण घरों में ही नल से जल की सुविधा थी। आज 15.8 करोड़ से अधिक ग्रामीण परिवारों, यानी 81 प्रतिशत से ज्यादा ग्रामीण घरों तक नल से पानी पहुँच चुका है। सरकार का लक्ष्य 2028 तक 100 प्रतिशत ग्रामीण परिवारों को यह सुविधा उपलब्ध कराना है। लाखों परिवारों, खासकर महिलाओं और बच्चों के लिए यह केवल पानी की सुविधा नहीं है, बल्कि उनके जीवन में आया एक बड़ा बदलाव है। अध्ययनों के अनुसार, पहले भारत की ग्रामीण महिलाओं को हर साल पानी लाने में अरबों घंटे खर्च करने पड़ते थे। अब घर-घर नल से पानी पहुंचने के कारण हर दिन 5.5 करोड़ से अधिक व्यक्ति-घंटों की बचत हो रही है। जो समय पहले पानी लाने में लगता था, अब उसका उपयोग पढ़ाई, रोजगार, बच्चों की देखभाल और आय बढ़ाने वाले कामों में हो रहा है। साथ ही, सुरक्षित पेयजल मिलने से पानी से फैलने वाली बीमारियाँ कम हुई हैं, जिससे लोगों का इलाज पर होने वाला खर्च भी घटा है। इसी तरह स्वच्छ भारत मिशन ने भी देश में बड़ा बदलाव लाया है। इस अभियान ने दिखाया कि लोगों की सोच में बदलाव, जनभागीदारी और मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति मिलकर बड़े स्तर पर परिवर्तन ला सकती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आकलन के अनुसार, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की वजह से 2014 से अक्टूबर 2019 के बीच दस्त से होने वाली 3 लाख से अधिक मौतों को रोका जा सका। घर-घर शौचालय बनने से करोड़ों ग्रामीण महिलाओं को सम्मान, निजता और सुरक्षा मिली। इस तरह स्वच्छता केवल एक सुविधा नहीं रही, बल्कि जनस्वास्थ्य और सामाजिक सम्मान का एक बड़ा जनआंदोलन बन गई। गांवों को खुले में शौच से मुक्त बनाने के बाद अब देश स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) 2.0 के तहत ठोस और तरल कचरे के वैज्ञानिक एवं टिकाऊ प्रबंधन की दिशा में आगे बढ़ रहा है।भारत ने जल संरक्षण और भूजल रिचार्ज के क्षेत्र में भी दुनिया के सबसे बड़े अभियानों में से एक चलाया है। 6 सितंबर 2024 को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने सूरत से जल संचय जन भागीदारी अभियान की शुरुआत की थी। इसके तहत 31 मई 2026 तक देशभर में 1.55 करोड़ से अधिक वर्षा जल संचयन और भूजल रिचार्ज संरचनाओं का निर्माण किया जा चुका है। यह अभियान दिखाता है कि जल संरक्षण में लोगों की भागीदारी और सामूहिक प्रयास कितने प्रभावी हो सकते हैं। इन प्रयासों का सकारात्मक असर अब भूजल की स्थिति में भी दिखाई देने लगा है। हाल के आकलनों के अनुसार, देश के कई हिस्सों में भूजल का स्तर बेहतर हुआ है और जिन क्षेत्रों में भूजल का अत्यधिक दोहन हो रहा था, उनकी संख्या में भी कमी आई है। यह इस बात का प्रमाण है कि लगातार किए गए जल संरक्षण के प्रयास और जनभागीदारी मिलकर पर्यावरण पर बढ़ते दबाव को भी कम कर सकते हैं। साथ ही, भारत ने लंबे समय से लंबित राष्ट्रीय जल परियोजनाओं को भी तेज़ी से आगे बढ़ाया है। देश की पहली बड़ी नदी जोड़ो परियोजना, केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना, तेजी से आगे बढ़ रही है। इसका उद्देश्य बुंदेलखंड के सूखा प्रभावित क्षेत्रों तक पानी पहुंचाना है। इसके अलावा, राज्यों के भीतर नदियों को जोड़ने की कई परियोजनाओं में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में नमामि गंगे कार्यक्रम ने यह साबित किया है कि पर्यावरण संरक्षण और विकास साथ-साथ आगे बढ़ सकते हैं। पिछले एक दशक में 4,260 मिलियन लीटर प्रतिदिन(एमएलडी) सीवेज शोधन क्षमता विकसित की गई है। अत्यधिक प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों से निकलने वाला जैविक प्रदूषण (बीओडी) 2017 में 26 टन प्रतिदिन से घटकर 2024 में 10.75 टन प्रतिदिन रह गया है। वहीं, उद्योगों से निकलने वाले गंदे पानी (एफ्लुएंट) का उत्सर्जन भी 349 एमएलडी से घटकर 265.56 एमएलडी हो गया है। आज निगरानी के आंकड़े बताते हैं कि गंगा नदी में सभी निगरानी केंद्रों पर पानी का पीएच स्तर और घुली हुई ऑक्सीजन (डीओ) स्नान योग्य मानकों के अनुरूप है। इसके अलावा, देशव्यापी आकलन के अनुसार गंगा में लगभग 6,324 गंगा डॉल्फ़िन पाई गई हैं, जो नदी के बेहतर होते पर्यावरणीय स्वास्थ्य का संकेत है।पिछले कुछ वर्षों में भारत की जल यात्रा दुनिया के लिए भी एक महत्वपूर्ण सीख बनकर सामने आई है। 21वीं सदी की जल संबंधी चुनौतियों का समाधान अलग-अलग प्रयासों से नहीं हो सकता। पेयजल, स्वच्छता, नदियों का संरक्षण, सिंचाई की बेहतर व्यवस्था, भूजल रिचार्ज, इस्तेमाल किए गए पानी का दोबारा उपयोग और जलवायु परिवर्तन से निपटने की तैयारी—इन सभी को एक-दूसरे से जुड़ी व्यवस्था के रूप में देखना होगा। जलवायु परिवर्तन के दौर में यह समग्र दृष्टिकोण और भी ज़रूरी हो जाता है, क्योंकि दुनिया भर में जल संसाधनों पर दबाव लगातार बढ़ रहा है। भारत के सामने यह चुनौती और भी बड़ी है। दुनिया की लगभग 18 प्रतिशत आबादी भारत में रहती है, लेकिन देश के पास दुनिया के कुल मीठे पानी के संसाधनों का केवल लगभग 4 प्रतिशत ही है। तेज़ी से बढ़ता शहरीकरण, औद्योगिक विकास और बदलते मौसम के पैटर्न आने वाले वर्षों में इन जल संसाधनों पर और अधिक दबाव डालेंगे। इसलिए आज जल क्षेत्र में किया जा रहा निवेश केवल विकास पर होने वाला खर्च नहीं है, बल्कि देश को भविष्य की चुनौतियों के लिए मजबूत बनाने में किया जा रहा दीर्घकालिक निवेश है। पिछले एक दशक में मिली सफ्लता यह दिखाती है कि जब निस्वार्थ नेतृत्व, जवाबदेह शासन और जनता की सक्रिय भागीदारी एक साझा राष्ट्रीय लक्ष्य के लिए साथ आते हैं, तो बड़े और सकारात्मक बदलाव संभव हो जाते हैं। जैसे-जैसे भारत विकसित भारत की ओर आगे बढ़ रहा है, जल उसकी विकास यात्रा का सबसे महत्वपूर्ण आधार बना हुआ है। जल सुरक्षित भारत का मतलब केवल सभी को पर्याप्त पानी उपलब्ध कराना नहीं है। इसका अर्थ है महिलाओं का सम्मान, परिवारों का बेहतर स्वास्थ्य, किसानों की अधिक उत्पादकता, शहरों का टिकाऊ विकास और आने वाली पीढ़ियों के लिए पर्यावरण का संतुलन बनाए रखना। पिछले 12 वर्षों में भारत के जल क्षेत्र में जो बड़ा बदलाव आया है, वह प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व का प्रमाण है। उनके संकल्प ने पानी को केवल एक विकास संबंधी चुनौती नहीं रहने दिया, बल्कि उसे राष्ट्र निर्माण और विकसित भारत का एक मजबूत माध्यम बना दिया। आगे की राह में लगातार प्रयास करना आवश्यक होगा। इसमें तकनीक, आंकड़ों और नवाचार की बड़ी भूमिका रहेगी। हमारा लक्ष्य सभी क्षेत्रों में पानी के बेहतर और कुशल उपयोग को बढ़ावा देना, इस्तेमाल किए गए पानी का पुन: उपयोग और पुनर्चक्रण बढ़ाना, स्थानीय स्तर पर जल प्रबंधन को मजबूत करना और जल संरक्षण में आम नागरिकों की भागीदारी बढ़ाना है।

## मोदी के कार्यकाल के बारह वर्षों ने समूची दुनिया को भारत को अलग नज़रिए से देखने के लिए प्रेरित की....

लक्ष्मी पुरी

**लेखिका संयुक्त राष्ट्र की पूर्व सहायक महासचिव और यूएन विमेन की पूर्व उप कार्यकारी निदेशक हैं**

उन्होंने स्वयं को एक अत्यंत बेहतरीन संकट-प्रबंधक के रूप में प्रमाणित किया है। केवल उनके दृढ़ संकल्प, साहस और सावधानीपूर्वक की गई कार्रवाई के बल पर ही 1.4 बिलियन भारतीयों का महामारी जैसी सदी की भीषणतम आपदा से सुरक्षित निकालना तथा उस आपदा को अवसर में बदलना संभव हुआ। वह अब भारत का नेतृत्व ऐसे समय में कर रहे हैं, जब वैश्विक भूराजनीतिक और भू-आर्थिक व्यवस्था खतरनाक उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है। पिछले सप्ताह प्रधानमंत्री श्री नरे-?द्र मोदी भारत के इतिहास में सबसे लंबे समय तक लगातार पद पर रहने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बन गए। यह उपलब्धि उनकी भी है और भारत की भी: उनसे पहले किसी ने भी इस लोकतंत्र में लगातार इतने लंबे समय तक शासन नहीं किया और न ही इतनी प्रतिस्पर्धी राजनीति के बीच किसी ने लगातार तीन बार चुनावी जीत हासिल की है। हालाँकि, रिकॉर्ड से अधिक महत्वपूर्ण यह है कि उन्होंने क ?या कार्य किया है : अपने कार्यकाल के प्रत्येक मिनट के पूरे साठ सेकेंड का भारत के लिए पूरी ऊर्जा के साथ उपयोग करते हुए उसे सार्थक बनाया, उनके इन बारह वर्षों का प्रत्येक वर्ष 365 दिनों की उपलब्धियों से चिह्नित रहा, और इसी दौरान उस नए, गतिशील भारत का निर्माण हुआ, जिसे आज दुनिया एक अलग नजरिए से देख और समझ रही है। मैंने अपनी कामकाजी ज़िंदगी फील्ड में, राजधानियों में, बोर्ड और कॉन्फ्रेंस रूम में तथा संयुक्त राष्ट्र में बितायी है—जहाँ देशों के बारे में दुनिया अपनी राय कायम करती है। बीते एक दशक जो परिवर्तन आया है, वह मेरे द्वारा देखे गए परिवर्तनों में सबसे अधिक उल्लेखनीय है: भारत के प्रति पहले जो उपेक्षापूर्ण दृष्टिकोण हुआ करता था, उसकी जगह अब प्रतिस्पर्धी रुचि, सीखने की इच्छा ने ले ली है, दुनिया भारत के उस परिवर्तन को विस्मय से देख रही है, जिसमें वह एक 'सिद्धांतों के आधार पर आपत्ति दर्ज करने वाले' और 'व्यवस्था को स्वीकार करने वाले' देश की जगह अब 'व्यवस्था को आकार देने वाले' देश के रूप में उभरा है, आज भारत बहुआयामी कूटनीतिक सहभागिता और रणनीतिक दृढ़ता के साथ आगे बढ़ रहा है। वह न केवल अपने प्रभाव का उपयोग अपने विचारों के समर्थन में कर रहा है, बल्कि अपने विचारों के समर्थन को भी शक्ति में परिवर्तित कर रहा है। दुनिया इस शख्सियत का सही आकलन करती है: उन्हें सत्ता विरासत में नहीं मिली; उन्होंने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के सर्वोच्च पद तक का सफ्र बिना किसी पारिवारिक नाम के सहारे, रेलवे प्लेटफॉर्म पर बीते बचपन से तय किया; उन्होंने भारत के कोने-कोने की यात्रा की, लोगों को समझा, उनके साथ बैठकर भोजन किया, उनके सुख-दु:ख में भागीदार बने और जमीनी स्तर से अपना राजनीतिक जीवन निर्मित किया। वंशानुगत सत्ता और विशेषाधिकार प्राप्त उत्तराधिकार से ऊब चुकी दुनिया में, ऐसे नेता की छवि अधिक भरोसेमंद होती है, जिन्होंने अपनी पहचान स्वयं गढ़ी हो। वह भारत के पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने देश की सभ्यतागत पहचान को अपनी पहचान के रूप में धारण किया है, न कि उसके प्रति क्षमायाचना का भाव रखा है अथवा विदेशी वेशभूषा और दृष्टिकोण अपनाकर स्वयं को किसी अन्य रूप में प्रस्तुत किया है। वैश्विक जनमत का आकलन करने वाले सर्वेक्षण इस बात से सहमत है: वर्षों से श्री मोदी लोकतांत्रिक नेताओं की मॉर्निंग कंसल्ट रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं, उनकी स्वीकृति दो-तिहाई से अधिक रही है, जो पश्चिमी नेताओं से काफी आगे है। प्यू के सर्वेक्षणों के अनुसार, दस में से आठ भारतीय उनके प्रति अनुकूल दृष्टिकोण रखते हैं, और वे अपने देश की दिशा से अधिकांश परिपक्व लोकतंत्रों की तुलना में अधिक संतुष्ट हैं। सरकारें इस बात से सहमत हैं : उन्होंने 19 विदेशी संसदों को संबोधित किया है और लगभग 30 देशों के राजकीय सम्मान प्राप्त किए हैं, जिनमें से कई उन देशों के सर्वोच्च नागरिक सम्मान हैं। अपने लोगों से वह सीधे संवाद करते हैं, हर महीने 'मन की बात' के माध्यम से अपने मन और हृदय की बात खुलकर रखते हैं; जबकि अन्य देशों के नेताओं के साथ उनका व्यवहार ऐसा है, जिसने वाशिंगटन और मॉस्को, खाड़ी देशों और यूरोप—सबको एक साथ किसी अद्भुत 'जादुई प्रभाव' के साथ जोड़कर रखा है। भारत अब मॉडल आयात करने के बजाय उन्हें निर्यात कर रहा है। उसकी डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना दुनिया के लगभग आधे रियल-टाइम भुगतान को संचालित करती है और लाखों खातों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाती है। आधिकारिक आँकड़ों के अनुसार, एक दशक में 25 करोड़ लोग गरीबी के चंगुल से बाहर आए हैं: 'अंत्योदय', जो राज्य के संचालन का आधारभूत सिद्धांत है, केवल एक नारा भर नहीं, बल्कि ऐसा सिद्धांत है, जो सुनिश्चित करता है कि कोई भी पीछे न छूटे और सबसे पीछे खड़े व्यक्ति तक पहले सहायता पहुँचे, जैसा कि संयुक्त राष्ट्र के 'एजेंडा 2030' ने भी आह्वान किया है। यदि किसी नेता ने इस सिद्धांत के अनुरूप वास्तव में शासन किया है, तो वह प्रधानमंत्री मोदी हैं। महामारी के दौरान भारत ने 2 बिलियन से अधिक टीके लगाए, 800 मिलियन लोगों को मुफ्त अनाज उपलब्ध कराया, लगभग 100 देशों को वैक्सीन और 150 देशों को दवाएँ उपलब्ध कराईं। संयुक्त राष्ट्र ने उन्हें 'चैंपियन ऑफद अर्थ' के रूप में नामित किया, जबकि गेट्स फाउंडेशन ने गरीबी, भूख, स्वास्थ्य, लैंगिक समानता, ऊर्जा और जलवायु में मापनीय प्रगति के लिए उन्हें सतत विकास लक्ष्यों के 'ग्लोबल गोलकीपर' के रूप में नामित किया; यूनिसेफ और यूएन विमेन ने भी महिलाओं और लड़कियों के सशक्तिकरण से संबंधित उनके प्रयासों की सराहना की है, जिनमें 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' और संसद में महिलाओं के लिए आरक्षण जैसी पहलें शामिल हैं। उनके लक्षित और बहु-क्षेत्रीय कार्यक्रम महिलाओं और लड़कियों के जीवन में —घर से कॉलेज तक, छोटे कियोस्क से कॉर्पोरेट जगत तक, स्थानीय शासन से संसद तक संरचनात्मक बदलाव लाए हैं। उन्होंने महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास को नैतिक और सामाजिक न्याय की अनिवार्यता के रूप में आगे बढ़ाया है, जो देश की आधी आबादी की क्षमता को सक्रिय करने के लिए अपरिहार्य है। कोई भी राष्ट्र सशक्त महिलाओं के बिना आगे नहीं बढ़ सकता; भारत अब इस सत्य को एक महाद्वीप-स्तरीय व्यापकता के साथ लागू कर रहा है। उन्होंने भारतीयों के भीतर 'भारतीय होने' का गर्व पुन: स्थापित किया है—देश के भीतर भी और दुनिया भर में फैले 3.5 करोड़ प्रवासी भारतीयों में भी - जो विश्व का सबसे बड़ा प्रवासी समुदाय है। राष्ट्र एकजुट होकर



आगे बढ़ा है: महामारी के दौरान सामूहिक संकल्प में, 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद सशस्त्र बलों के समर्थन में, और महाकुंभ में, जहाँ 60 करोड़ से अधिक श्रद्धालु मानव इतिहास के सबसे बड़े समागम का हिस्सा बने। ये सभी प्रतीक समाज को एक सूत्र में बाँधने वाली बातों को दर्शाते हैं: राष्ट्रपति भवन में जनजातीय महिला; क्षेत्र-दर-क्षेत्र उनका पगड़ी, टोपी या जनजातीय लोगों के पारंपरिक सिरोभूषण को सम्मान और स्नेह के साथ धारण करना; 'मन की बात' और पद्म पुरस्कारों के माध्यम से गाँवों के लोगों को नायक बनाना; आज़ादी के अमृत महोत्सव के तहत 200 मिलियन घरों में तिरंगे का फ्हराना; 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष का उत्सव; स्वच्छ भारत अभियान के तहत 110 मिलियन शौचालयों का निर्माण,जो एक जन-आंदोलन बना; और एक भारत, विविधता को एक सूत्र में पिरोते हुए हर क्षेत्र का सम्मान किया गया है। मोदी पहले प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने भारत की अग्रणी शक्ति बनने की महत्वाकांक्षा को स्पष्ट रूप से अभिव्यक्त किया और उसे व्यवहार में भी उतारा है: सैन्य और आर्थिक शक्ति, परमाणु और अंतरिक्ष क्षमताएँ, वैश्विक व्यवस्थाओं में निर्णायक भूमिका तथा अंतरराष्ट्रीय व्यवस्थाओं में नियमों, मानकों और नीतियों को प्रभावित करने की क्षमता, उद्देश्यपूर्ण ढंग से निर्मित और सफ्लतापूर्वक विकसित किया गया कूटनीतिक, अनुसंधान एवं विकास और तकनीकी संसाधनों का मजबूत आधार, साथ ही भारत की सॉफ्ट पावर को पहले से कहीं अधिक प्रभावी रूप में प्रस्तुत किया गया है। यद्यपि वैश्विक स्तर पर वह संवाद के माध्यम से शांति और सुरक्षा के पक्षधर है, लेकिन आतंकवाद के मुद्दे पर —उरी से लेकर 'ऑपरेशन सिंदूर' तक—उनकी 'कतई बर्दाश्त न करने की नीति' है। सबसे बढ़कर, उन्होंने स्वयं को एक अत्यंत बेहतरीन संकट-प्रबंधक के रूप में प्रमाणित किया है। केवल उनके दृढ़ संकल्प, साहस और सावधानीपूर्वक की गई कार्रवाई के बल पर ही 1.4 बिलियन भारतीयों का महामारी जैसी सदी की भीषणतम आपदा से सुरक्षित निकालना तथा उस आपदा को अवसर में बदलना संभव हुआ; मैं यह सोचकर सिहर उठती हूँ कि यदि वह नेतृत्वकारी भूमिका में न होते, तो क्या स्थिति होती। वह अब भारत का नेतृत्व ऐसे समय में कर रहे हैं, जब वैश्विक भूराजनीतिक और भू-आर्थिक व्यवस्था खतरनाक उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है, दो बड़े युद्ध चल रहे हैं और प्रमुख शक्तियाँ आत्मकेंद्रित रुख अपना रही हैं। इसके बावजूद वे भारत को शांत और स्थिर बनाए रख रहे हैं, उसकी ऊर्जा सुरक्षा की रक्षा कर रहे हैं, और उसे दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में आगे बढ़ा रहे हैं। चमत्कार यह है कि वह दुनिया के सबसे अधिक जनसंख्या वाले, युवा-प्रधान, जटिल, संघीय और आंतरिक रूप से प्रतिस्पर्धी लोकतंत्र को बदलने का साहस रखते हैं—ऐसा लोकतंत्र जो कई तरह के वीटो-शक्ति रखने वालों, निहित स्वार्थों और संकीर्ण दृष्टिकोण वालों, राष्ट्र-विरोधी विपक्षी नेताओं से भरा हुआ है, जो अराजकता की साजिश रचते हैं, विदेशी सूचना हेरफेर और हस्तक्षेप को न्यौता देते हैं और महत्वपूर्ण सुधारों को बाधित करते हैं। वैश्विक स्तर पर यह परिवर्तन केवल स्थिति में ही नहीं, बल्कि व्यवहार और दृष्टिकोण में भी दिखाई देता है। भारत अब सम्मेलन आयोजित करता है, जबकि पहले वह केवल प्रतिभागी होता था, और 'वसुधैव कुटुम्बकम्'—'पूरा विश्व एक परिवार है'—अब केवल एक नारा भर नहीं, बल्कि उपलब्धियों के रूप में साकार हुआ सिद्धांत बन गया है। भारत विश्व का लघु-प्रतिरूप भी है और व्यापक रूप भी: वह अपने भीतर जो समस्याएँ हल करता है, वही समाधान पूरी दुनिया के लिए प्रमाणित करता है और वैश्विक सार्वजनिक कल्याण के रूप में प्रस्तुत करता है। इसकी डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना को ग्लोबल साउथ और ग्लोबल नॉर्थ दोनों में साझा किया जा रहा है; इसके जी-20 नेतृत्व के दौरान अफ्रीकी संघ को स्थायी सदस्यता मिली; यह अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन का नेतृत्व करता है; इसके 'पंचामृत' जलवायु संकल्प 'मिशन लाइफ' के माध्यम से भारतीय सांस्कृतिक विरासत की भावना से जुड़े हुए हैं। भारत ने विकासशील देशों का पहला ग्लोबल एआई समिट आयोजित किया; चौथी औद्योगिक क्रांति में, जैसे चंद्रमा पर मिशन के संदर्भ में, अब भारत केवल अनुगामी नहीं रहा, बल्कि अग्रणी भूमिका निभा रहा है और अपने समाधान पूरी दुनिया के लिए प्रस्तुत कर रहा है। इस कालखंड की सबसे विशेष बात यह है कि भारत ने अपनी महत्वाकांक्षा को खुलकर व्यक्त किया है: वह भारत और दुनिया को बताते हैं कि यह भारत की सदी होगी। हमारी अर्थव्यवस्था विश्व की दसवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुकी है; लक्ष्य स्पष्ट रूप से घोषित है—' विकसित भारत' 2047 तक विकसित राष्ट्र बनना, जो स्वतंत्रता के सौ वर्ष पूरे होने का वर्ष होगा। आधुनिकता और विरासत को एक ही उत्तराधिकार के रूप में देखा जा रहा है, न कि परस्पर प्रतिस्पर्धी दावों के रूप में। सभ्यतागत स्थलों का पुनरुद्धार, प्राचीन धरोहरों की पुनर्प्राप्ति और 'भारत' नाम की पुन: प्रतिष्ठा : ये सब केवल अतीत की स्मृति नहीं हैं। ये दावा करते हैं कि 5,000 वर्ष से अधिक पुरानी सभ्यता को अपना आत्म-सम्मान और महानता किसी और से उधार लेने की आवश्यकता नहीं है। जिस दुनिया को मैंने अपने करियर के दौरान देखा, वह भारत को उसकी अपनी अधूरी संभावनाओं के आधार पर आंकती थी। लेकिन इस दशक में भारत ने स्वयं को अब 'गंतव्य भारत' के आधार पर आंकना शुरू कर दिया है। इस नेतृत्व के लिए सबसे मजबूत तर्क अभी आगे है: भारत पृथ्वी पर मानव विकास, प्रयास और पूर्णता की सबसे विशाल प्रयोगशाला है, जिसका कार्य अत्यंत व्यापक है और अभी अधूरा है—इसी कारण इतने बड़े देश को ऐसे नेतृत्व की आवश्यकता है। उन्होंने सबसे लंबे समय तक पद संभाला है; वह सबसे अलग दिखाई देते हैं; उनका रिकॉर्ड असाधारण है। अब जो बाकी है, वह भारत शताब्दी का जनादेश है।

दैनिक
# विश्व परिवार
रायपुर, मंगलवार 23 जून 2026
www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com


## कोलकाता में होगा आचार्य श्री वसुनंदी जी महामुनिराज ससंघ का वर्षायोग 2026



**कोलकाता।** जैन समाज के लिए अत्यंत हर्ष और उल्लास का विषय है कि परम पूज्य आचार्य श्री 108 वसुनंदी जी महामुनिराज ससंघ का वर्षायोग (चातुर्मास) वर्ष 2026 में कोलकाता की पावन धरा पर संपन्न होगा। आचार्य श्री द्वारा वर्षायोग की स्वीकृति प्रदान किए जाने के बाद समस्त कोलकाता एवं बृहत्तर कोलकाता के जैन समाज में हर्ष की लहर व्याप्त है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आचार्य श्री ससंघ वर्तमान में श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर, चौरंगी (कोलकाता) में विराजमान हैं। रविवार को भक्तों की भारी उपस्थिति, भक्ति-भाव, गाजे-बाजे एवं जयघोषों के मध्य आचार्य श्री का मंगल विहार चौरंगी मंदिर से श्री मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन मंदिर के लिए संपन्न हुआ।

इस अवसर पर आयोजित धर्मसभा में आचार्य श्री ने अपने मंगल प्रवचन के माध्यम से कोलकाता एवं बृहत्तर कोलकाता के सकल जैन समाज को आशीर्वाद प्रदान करते हुए वर्षायोग 2026 कोलकाता में ही करने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान की। इस घोषणा के साथ ही उपस्थित श्रद्धालुओं में अपार उत्साह एवं आनंद का वातावरण बन गया। श्री दिगंबर जैन मुनिसंघ व्यवस्था समिति, कोलकाता के पदाधिकारियों ने बताया कि पावन वर्षायोग के मंगल कलश की स्थापना 2 अगस्त 2026, रविवार को होने की संभावना है। वर्षायोग को लेकर समाज के विभिन्न संगठन एवं श्रद्धालुजन तैयारियों में जुट गए हैं।

## जिस तरह खुशी और मुसीबत बिना किसी अपॉइंटमेंट के आ जाती है.. उसी तरह स्वयं को हर परिस्थिति के लिए सदैव तैयार रखें: अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागरजी महाराज

**औरंगाबाद।** अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागरजी महाराज एवं उपाध्याय पियूष सागरजी महाराज की अहिंसा संस्कार पदयात्रा दिक्षा भुमी परतापुर बांसवाड़ा से पुष्पगिरी की और चल रही है उसी श्रृंखला में आज थांदला मध्य प्रदेश में उपस्थित गुरु भक्तों को संबोधित करते हुए आचार्य श्री ने कहा कि। मुसीबत आए तो होश न खोएँ, और खुशी आए तो जोश पर नियंत्रण रखें..!



बहुत कम लोग अपनी बीती और दूसरों की बीती को सही अर्थों में समझ पाते हैं। यदि हमारे जीवन में दु:ख का पहाड़ टूट पड़े और हमने किसी तरह उसका सामना किया हो, तो जब वही परिस्थिति किसी और के जीवन में आए, तब हमें भी उसी संवेदना और करुणा के साथ उसे समझना चाहिए। अन्यथ- इस संसार में ऐसे लोग भी हैं जो कहते हैं — फूल आहिस्ता फेंको, फूल बड़े नाज़ुक होते हैं, लेकिन स्वयं दूसरों के दिलों को ठेस पहुँचाने से नहीं चूकते। इसे ही दोहरा जीवन (दोहरा चरित्र) कहते हैं।

हर जीवन अनमोल है। हमारी खुशी और दूसरों की सफलता, यदि हम उन्हें खुले मन से स्वीकार करें, तो हमारे अपने जीवन की उन्नति का भी वरदान बन सकती है। अधिकांश दु:ख, परेशानी और पीड़ा हमारी सोच पर निर्भर करते हैं। *यदि हम अपने विचारों और भावनाओं को सकारात्मक बनाएँ, तो हम न केवल अपना जीवन, बल्कि दूसरों के सुख, शांति और कल्याण का भी माध्यम बन सकते हैं। एक बार तीन मित्र धन की खोज में निकले। चलते-चलते पहले मित्र को चाँदी की खान मिल गई। वह प्रसन्न होकर बोला, मुझे मेरा मुकाम मिल गया, और वहीं रुक गया। दूसरा मित्र आगे बढ़ा। कुछ दूरी पर उसे सोने की खान मिली। उसकी खुशी का ठिकाना न रहा और वह भी वहीं बस गया। तीसरा मित्र आगे बढ़ता रहा। अंततः उसे हीरों की खान मिल गई। उसे देखकर वह आश्चर्य और आनंद से भर उठा।

जिसके भाग्य में जो लिखा होता है, उसे वही प्राप्त होता है। इसलिए किसी और की खुशकिस्मती देखकर स्वयं को परेशान मत करो। विश्वास रखो — परमात्मा के यहाँ देर हो सकती है, अंधेर कभी नहीं...!!!

आज यह अंतर्मना-अहिंसा-संस्कार पदयात्रा दिशा-सोनकच्छ, पुष्पगिरी तीर्थ मध्यप्रदेश की ओर बढते गुरु चरण परम पूज्य गुरुदेव भारत गोरव विश्व के सर्वश्रेष्ठ तपस्वी उत्तम सिंह निष्क्रिडित व्रत्तकर्ता अंतर्मना आचार्य श्री 108 प्रसन्नसागरजी महाराज जी चतुर्विघ संघ का भव्य मंगल पद विहार दिनाँक 22 जून 2026, सोमवार, सुबह 5.30 बजे शासकीय माध्यमिक विघालय, सेजली, विकास खण्ड, मेधनगर जिला-झाबुआँ, मध्यप्रदेश से त्यागी भवन, थांदला जिला-झाबुआँ, मध्यप्रदेश 7.5 किलोमीटर के लिए होगा ओर थांदला में भव्य मंगल प्रवेश सुबह 7 बजे होगा।

## सक्ति नगर में होगा आचार्य अतिवीर मुनिराज का 21वां चातुर्मास

**नईदिल्ली।** जैन समाज के लिए अत्यंत हर्ष और गौरव का विषय है कि प्रशममूर्ति आचार्य श्री 108 शान्तिसागर जी महाराज (छाणी) परम्परा के प्रमुख संत परम पूज्य आचार्य श्री 108 अतिवीर जी मुनिराज का 21वां मंगल चातुर्मास 2026 राजधानी दिल्ली की धर्मनगरी शक्ति नगर में स्थापित होगा। यह घोषणा स्वयं आचार्य श्री द्वारा पिछले वर्ष चातुर्मास कलश स्थापना के मंगल अवसर पर ही भक्तों की अपार श्रद्धा, समर्पण और भावनाओं को देखकर कर दी गई थी। उस समय से ही समस्त समाज इस दिव्य अवसर की प्रतीक्षा कर रहा था।



आचार्य श्री की इस कृपामयी घोषणा ने सम्पूर्ण समाज में नई ऊर्जा का संचार कर दिया है। शक्ति नगर की पावन धरा पर आगामी चातुर्मास केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आध्यात्मिक जागरण, आत्मशुद्धि और धर्मप्रभावना का विराट महोत्सव सिद्ध होगा।

## स्कूल शिक्षा विभाग के जारी आदेश पर भारतीय बौद्ध महासभा ने जताई आपत्ति

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा जारी आदेश के संबंध में , नवीन शिक्षा सत्र 2026-27 से शालाओं में सुबह की प्रार्थना और मध्यान्ह भोजन के समय विशिष्ट मंत्रों एवं वंदनाओं (जैसे सरस्वती वंदना, भोजन मंत्र, गायत्री मंत्र आदि) के आयोजन को अनिवार्य (सुनिश्चित) करने का निर्देश दिया गया है।




इस संबंध में, हम निम्नलिखित संवैधानिक और कानूनी तथ्यों की ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहते हैं अनुच्छेद 28(1)का संदर्भ भारतीय संविधान के अनुच्छेद 28(1) के तहत पूर्णतः राज्य-निधि से संचालित (सरकारी) शिक्षण संस्थानों में किसी भी प्रकार की धार्मिक शिक्षा या विशिष्ट धार्मिक प्रार्थना आयोजित नहीं की जा सकती। अनुच्छेद 28(3) एवं धार्मिक स्वतंत्रता*= राज्य से मान्यता या सहायता प्राप्त निजी विद्यालयों में किसी भी छात्र को उसकी या उसके अभिभावकों की सहमति के बिना किसी धार्मिक प्रार्थना में भाग लेने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग एवं सामूहिक पौधरोपण कार्यक्रम

**रायपुर (विश्व परिवार)।** आज प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अंतर्गत एएचपी परियोजना अंतर्गत संकल्प होम सोसायटी में अंतर्राष्टीय योग दिवस के अवसर पर योग एवं पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रायपुर नगर निगम पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग के अध्यक्ष श्री भोलाराम साहू, नगर निगम की सामाजिक विकास अधिकारी डॉ. संगीता ठाकुर, योग प्रशिक्षिका योग बिषय में पीएचडी डॉ. दुर्गा साहू , रेखा सोनी तथा संकल्प होम सोसायटी के अध्यक्ष श्री सूरज यादव सहित बड़ी संख्या में रहवासी एवं बच्चे उपस्थित रहे।



## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एवं प्रतिभा सम्मान समारोह 2026 का सफल आयोजन

**रायपुर।** अज़ीम एडुकॉर्प कंप्यूटर इंस्टीट्यूट एवं अज़ीम एजुकेशन वेलफेयर सोसायटी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग, सांस्कृतिक एवं प्रतिभा विकास कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं गणमान्य अतिथियों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही। इस अवसर पर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करने हेतु रंगोली प्रतियोगिता, कुकिंग प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, ड्राइंग प्रतियोगिता, टाइपिंग प्रतियोगिता एवं डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। कार्यक्रम के दौरान संस्थान द्वारा संचालित नि:शुल्क बेसिक कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्ण करने वाली छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित कर सम्मानित किया गया।

## पहचान भले ही छोटी हो, लेकिन अपने दम पर हो: गणिनी आर्यिका आर्ष मति माताजी

- भक्तामर महाअर्चना एवं वर्षायोग घोषणा समारोह में उमड़ा श्रद्धा का सागर
- सेक्टर-27 नोएडा को मिला वर्षायोग 2026, जैन समाज में हर्ष की लहर



**मथुरा।** जैन धर्म के अंतिम अनुबद्ध केवली भगवान जम्बूस्वामी की पावन निर्वाण भूमि मथुरा में गणिनी आर्यिका श्री आर्ष मति माताजी ससंघ के सान्निध्य में 48 दीपों से भक्तामर महाअर्चना एवं वर्षायोग घोषणा समारोह अत्यंत भव्य एवं आध्यात्मिक वातावरण में सम्पन्न हुआ। हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में आयोजित इस आयोजन ने भक्ति, साधना और गुरु-शिष्य परंपरा की अद्भुत छटा बिखेरी। जैन पत्रकार महासंघ के राष्टीय सांस्कृतिक मंत्री संजय जैन बड़जात्या ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान अजितनाथ के जयघोष एवं मंगलाचरण के साथ हुआ। सुप्रसिद्ध गायिका पलक जैन महावीरजी की मधुर स्वर लहरियों ने सम्पूर्ण पांडाल को भक्ति रस में सराबोर कर दिया, वहीं कुशल मंच संचालक एवं कवि हृदय विकर्ष जैन ने अपनी प्रभावशाली शैली से पूरे कार्यक्रम को जीवंत बनाए रखा।

अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में गणिनी आर्यिका श्री आर्ष मति माताजी ने युवाओं को आत्मविश्वास, परिश्रम और आत्मनिर्भरता का संदेश देते हुए कहा कि जो जागरूक, कर्मठ और कर्मशील है, वही वास्तविक अर्थों में युवा है। जो युवा होते हुए भी आलस्य, प्रमाद और दूसरों पर आश्रित रहने की प्रवृत्ति रखता है, वह मानसिक रूप से वृद्ध है। माताजी ने युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि पहचान भले ही छोटी हो, लेकिन अपने दम पर होनी चाहिए। उनके इन प्रेरक शब्दों का उपस्थित युवाओं पर गहरा प्रभाव पड़ा।

वर्षायोग प्राप्ति के लिए देश के विभिन्न नगरों से आए श्रद्धालुओं ने अत्यंत श्रद्धा और भावुकता के साथ अपनी-अपनी अर्जी गुरुमाँ के श्रीचरणों में समर्पित की।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्रं./ 32193/न.पा.नि./जोन क्रं.-1/2026
रायपुर दिनांक : 22-06-2026

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 32193
वार्ड का नाम-16- वीर शिवाजी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 16 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- RPR107I0088B जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती RUPSINGH VERMA पिता/पति, श्री/श्रीमती S/O KUSIMTIM VERMA के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती BHASVAR SINGH VERMA पिता/पति, श्री/श्रीमती S/O RUPSINGH VERMA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ 01.SHAPAT PATRA 02.DEATH CERTIFICATE 03. BATWARA NAMA 04. SAHMATI PATRA 05. TAX RASHID KE AADHRA PAR / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
श्री अंशुल शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-1
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्रं./32194/न.पा.नि./जोन क्रं.-1/2026
रायपुर दिनांक : 22-06-2026

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 32194
वार्ड का नाम-16- वीर शिवाजी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 16 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- RPR107I0088A जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती RUPSINGH VERMA पिता/पति, श्री/श्रीमती S/O KUSIMTIM VERMA के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती BHUWANLAL VERMA पिता/पति, श्री/श्रीमती S/O LATE. RUPSINGH VERMA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ 01.SHAPAT PATRA 02.DEATH CERTIFICATE 03. BATWARA NAMA 04. SAHMATI PATRA 05. TAX RASHID KE AADHRA PAR / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
श्री अंशुल शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-1
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्रं./32192/न.पा.नि./जोन क्रं.-1/2026
रायपुर दिनांक : 22-06-2026

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 32192
वार्ड का नाम-16- वीर शिवाजी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 16 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- RPR107I00088 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती RUPSINGH VERMA पिता/पति, श्री/श्रीमती S/O KUSIMTIM VERMA के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती NARSINGH VERMA पिता/पति, श्री/श्रीमती S/O LATE. RUPSINGH VERMA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ 01.SHAPAT PATRA 02.DEATH CERTIFICATE 03. BATWARA NAMA 04. SAHMATI PATRA 05. TAX RASHID KE AADHRA PAR / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
श्री अंशुल शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-1
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./32376/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2026
रायपुर, दिनांक 22-06-2026

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 32376
वार्ड का नाम-29 - गुरू गोविंद सिंह वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड-29 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR334D0115A जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती SMT. KAUSHILYA BAI SAHU पिता/पति श्री/श्रीमती W/O LAXMI NARAYAN SAHU के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती PRAKASH MEHTO पिता/पति श्री/श्रीमती S/O LAXMI NARAYAN SAHU ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत वसीयतनामा एवं शपथ पत्र / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्रीमती प्रीति सिंह
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं.- (3)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./32443/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2026
रायपुर, दिनांक 22-06-2026

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 32443
वार्ड का नाम-31 - नेताजी सुभाषचंद्र बोस वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड-31 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR328R0725A जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती SMT. PRIYANKA SINHA पिता/पति श्री/श्रीमती RAJESH SINHA के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती JAGDISHWAR SINHA पिता/पति श्री/श्रीमती SAKHARAM SINHA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्रीमती प्रीति सिंह
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं.- (3)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)
शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./32461/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2026
रायपुर दिनांक : 22-06-2026

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 32461
वार्ड का नाम-35- हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 35 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- RPR436H00110 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती MAHENDRA BAGREE पिता/पति, श्री/श्रीमती MADAN MOHAN BAFRE के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती श्री सिद्धार्थ शर्मा पता/पति, श्री/श्रीमती डॉ. किशन लाल शर्मा ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
श्री संतोष पाण्डेय
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (2)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)
शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./32462/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2026
रायपुर दिनांक : 22-06-2026

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 32462
वार्ड का नाम-35- हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 35 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-RPR436H00109 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती ADITYA BAGREE पिता/पति, श्री/श्रीमती BRIJ MOHAN BAGREE के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती श्री सिद्धार्थ शर्मा पता/पति, श्री/श्रीमती डॉ. किशन लाल शर्मा ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
श्री संतोष पाण्डेय
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (2)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./32456/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2026
रायपुर दिनांक : 22-06-2026

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 32456
वार्ड का नाम- 61 श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 61 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- RPR663Q00418 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती SAPNA CHAUDHURI पिता/पति, श्री/श्रीमती RADHAKRISHNA CHAUDHURI के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती 1. OM KUMAR BADLANI S/O ARJUN BADLANI 2 KAPIL TEJWANI S/O VIJAY KUMAR TEJWANI पिता/पति श्री/श्रीमती S/O VIJAY KUMAR TEJWANI ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
श्री हितेन्द्र यादव
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - 6
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)
शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./32288/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2026
रायपुर दिनांक : 19-06-2026

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 32288
वार्ड का नाम- 28- शहीद हेमू कालाणी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 28 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- RPR223M00091 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती SANTOSH PALIWAL S/O HARIKESH PALIWAL, NEELAM PALIWAL W/O AMIT PALIWAL पिता/पति, श्री/श्रीमती SANTOSH PALIWAL S/O HARIKESH PALIWAL,NEELAM PALIWAL W/O AMIT PALIWAL के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती सीआईसीओ क्ले इन क्ले आउट स्टूडियो द्वारा प्रोपराईटर खुशबु सरावगी पता/पति, श्री/श्रीमती पति हिमांशु सरावगी ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
श्री संतोष पाण्डेय
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (2)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./32241/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2026
रायपुर, दिनांक 22-06-2026

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 32241
वार्ड का नाम-46-सिविल लाईन वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 46 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR333C00016 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती NEMICHAND JAIN पिता/पति, श्री/श्रीमती NAURATMAL JAIN के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती राजेश कुमार जैन पिता/पति, श्री/श्रीमती स्व. नेमीचंद जैन ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ शपथ पत्र, टैक्स रसीद, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल का नामांतरण आदेश, आधार कार्ड व अन्य दस्तावेज/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-4
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./32134/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2026
रायपुर, दिनांक 22-06-2026

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 32134
वार्ड का नाम- 16 वीर शिवाजी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 16 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR107I00271 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती B.VIJAY LAXMI पिता/पति, श्री/श्रीमती B.GOVIND RAO के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती CHANDRAKAR PRASAD SAHU पिता/पति, श्री/श्रीमती S/O SEVAKRAM SAHU ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री अंशुल शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (1)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

## संक्षिप्त समाचार

### लंबी अवधि में बेहद फायदेमंद है जीवन बीमा; छिटपुट चिंताओं से कहीं बड़े हैं इसके लाभ : इंश्योरेंस अवेयरनेस कमेटी

**मुंबई:** जीवन बीमा उद्योग ने जीवन बीमा के प्रति अधिक संतुलित और सही दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया है। उद्योग का मानना है कि इसके दीर्घकालिक लाभ, जिनमें वित्तीय सुरक्षा, जोखिम से बचाव और अनुशासित बचत शामिल हैं, मिस-सेलिंग जैसी छिटपुट चिंताओं की तुलना में कहीं अधिक बड़े और महत्वपूर्ण हैं। इंश्योरेंस अवेयरनेस कमेटी - लाइफ इंश्योरेंस (आईएसी-लाइफ) ने ग्राहकों और हितधारकों से आग्रह किया है कि वे जीवन बीमा को केवल तात्कालिक या अल्पकालिक परिणामों के चश्मे से न देखें, बल्कि इसे लंबी अवधि के वित्तीय सुरक्षा माध्यम के रूप में स्वीकार करें। इंश्योरेंस अवेयरनेस कमेटी (आईएसी-लाइफ) के चेयरमैन कमलेश राव ने कहा, जीवन बीमा को इस तरह तैयार किया गया है कि यह वित्तीय सुरक्षा, परिवारों को मिलने वाले संरक्षण और अनुशासित बचत के माध्यम से दीर्घकाल में वास्तविक लाभ प्रदान करता है। हालांकि, मिस-सेलिंग जैसी चिंताएं निश्चित रूप से मौजूद हैं और उद्योग को इनसे सख्ती से निपटना होगा, लेकिन ये इस पूरे इकोसिस्टम का एक बेहद छोटा हिस्सा हैं, जो आज भी करोड़ों पॉलिसीधारकों को निरंतर बेहतरीन मूल्य और सुरक्षा दे रहा है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जीवन बीमा ही एकमात्र ऐसा वित्तीय साधन है जो फ्री-लुक पीरियडकी सुविधा प्रदान करता है। इसके तहत पॉलिसीधारकों को पॉलिसी खरीदने के बाद उसकी समीक्षा करने और अपनी जरूरतों के अनुकूल न होने पर एक निश्चित समय सीमा के भीतर उसे वापस करने का अधिकार मिलता है। यह विशेषता खरीदारी के स्तर पर पारदर्शिता और ग्राहक सुरक्षा का एक अतिरिक्त सुरक्षा कवच प्रदान करती है। जीवन बीमा उत्पादों की संरचना इस तरह की जाती है कि लोग निवेश को लंबी अवधि तक बनाए रखें, क्योंकि इसके परिणाम इसी जीवनचक्र से जुड़े होते हैं। यदि पॉलिसियों का मूल्यांकन समय से पहले किया जाए, तो उनके वास्तविक लाभ तुरंत स्पष्ट नहीं होते। श्री राव ने आगे कहा, लंबी अवधि के वित्तीय समाधानों को अल्पकालिक चश्मे से देखने पर उनके समग्र मूल्य के बारे में अधूरे निष्कर्ष ही सामने आ सकते हैं। जीवन बीमा का मूल उद्देश्य जीवन के संकटपूर्ण उतार-चढ़ाव के समय वित्तीय सुरक्षा देना है। केवल वित्त वर्ष 2024-25 में ही, इस उद्योग ने दावों के निपटान के रूप में 6.3 लाख करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया है, जिसमें डेथ बेनिफिट, मैच्योरिटी, वार्षिकी (एन्युटी) और निकासी (विड्रॉल) शामिल हैं; इस राशि ने लाखों परिवारों को बेहद जरूरी संबल प्रदान किया है।

### सुमीत इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने रू. 199.75 करोड़ के राइट्स इश्यू की घोषणा की; 1,40,000 टीपीए क्षमता विस्तार, ऋण में कमी और सोलर प्रोजेक्ट को फंड करने का टार्गेट

**सूरत:** पॉलिएस्टर टेक्सचराइज्ड यार्न, पार्टियली ओरिएंटेड यार्न (POY), फुली ड्रॉन यार्न (FDY) के उत्पादन से जुड़े अग्रणी एकीकृत पॉलिएस्टर निर्माताओं में से एक, सुमीत इंडस्ट्रीज लिमिटेड (NSE: SUMEETINDS, BSEÑ 514211) ने अपने पात्र शेयरधारकों के लिए राइट्स इश्यू की घोषणा की है। इसका उद्देश्य कंपनी की वित्तीय लचीलापन बढ़ाना तथा उसकी रणनीतिक व्यावसायिक प्राथमिकताओं को समर्थन प्रदान करना है।

सुमीत इंडस्ट्रीज लिमिटेड के निदेशक मंडल ने पूर्ण रूप से चुकता इक्विटी शेयर जारी करके कुल रू. 199.75 करोड़ के राइट्स इश्यू की शर्तों को मंजूरी प्रदान की है। कंपनी राइट्स इश्यू से प्राप्त राशि में से रू. 49 करोड़ गुजरात के सूरत में नाकोडा लिमिटेड से अधिग्रहित अतिरिक्त 1,40,000 टन प्रति वर्ष क्षमता वाले पॉलिएस्टर चिप्स (CP) प्लांट के अधिग्रहण एवं संचालन हेतु आवंटित करने का प्रस्ताव रखती है। इस परियोजना की कुल लागत रू. 90 करोड़ है, जिसमें शेष रू. 41 करोड़ आंतरिक संसाधनों से उपलब्ध कराए जाएंगे। वित्त वर्ष 2027-28 की पहली तिमाही में पुनः संचालन शुरू होने की अपेक्षा वाली यह सुविधा कंपनी के बैकवर्ड इंटीग्रेशन को मजबूत करेगी तथा उसके डाउनस्ट्रीम पॉलिएस्टर विनिर्माण परिचालनों को समर्थन प्रदान करेगी। रणनीतिक रूप से प्रस्तावित पूंजी आवंटन चार प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित है, विनिर्माण क्षमता विस्तार, परिसंपत्ति एकीकरण, बैलेंस शीट को मजबूत बनाना तथा ऊर्जा सुरक्षा। सामूहिक रूप से ये पहल परिचालनिक मजबूती बढ़ाने, संसाधनों की दक्षता में सुधार करने तथा कंपनी के दीर्घकालिक विकास मंच को सशक्त बनाने की अपेक्षा रखती हैं। नियोजित निवेशों का उद्देश्य सुमीत इंडस्ट्रीज की प्रतिस्पर्धी स्थिति को मजबूत करना तथा दीर्घकालिक टिकाऊ एवं लाभदायक विकास को समर्थन देना है। राइट्स इश्यू से जुटाई गई पूंजी सुमीत इंडस्ट्रीज के विकास के अगले चरण को समर्थन देगी।

# हजारों लोगों ने किया सामूहिक योग, सांसद रूपकुमारी चौधरी ने दिलाया स्वस्थ जीवन का संकल्प

**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयुष विभाग के तत्वावधान में जिले भर में उत्साह, उमंग और जनभागीदारी के साथ विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला मुख्यालय स्थित इंडोर स्टेडियम में आयोजित मुख्य समारोह में सांसद रूपकुमारी चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, मीडिया प्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राओं ने सहभागिता निभाई।



प्रातः 7 बजे से 8 बजे तक आयोजित सामूहिक योगाभ्यास में प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। योग प्रशिक्षक गणेश एवं सहयोगी योग शिक्षकों ने कपालभाति, अनुलोम-विलोम सहित अनेक योग क्रियाओं का अभ्यास कराया तथा योग के शारीरिक और मानसिक लाभों की जानकारी दी।

इस अवसर पर सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि योग भारत की प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर है, जिसने आज पूरे विश्व में अपनी अलग पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग को वैश्विक मान्यता मिली और आज 190 से अधिक देशों में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। स्वस्थ, अनुशासित और जागरूक नागरिक ही विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से नियमित योग को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

कलेक्टर बी.एस. उइके ने जिलेवासियों को योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए बताया कि इस वर्ष की थीम स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग है, जो योग के माध्यम से स्वस्थ, सक्रिय और संतुलित जीवनशैली अपनाने का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक संतुलन, कार्यक्षमता, एकाग्रता और आत्मविश्वास में भी वृद्धि होती है।

योगाभ्यास के पश्चात सांसद रूपकुमारी चौधरी ने इंडोर स्टेडियम परिसर में अमरूद का पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास का संदेश दिया। इस दौरान उपस्थित अतिथियों ने भी पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

जिले की सभी नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों में भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें बड़ी संख्या में आमजन ने भाग लेकर योग को स्वस्थ जीवन का आधार बनाने का संकल्प लिया।

## 3 दिन में 8 हाईवा ट्रक जब्त, अवैध रेत कारोबारियों में मचा हड़कंप

**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** जिले में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पिछले तीन दिनों के भीतर 08 हाईवा ट्रकों को पकड़कर जब्त किया है। यह सभी वाहन धमतरी और पोखरा रोड की ओर से बिना वैध अनुमति के रेत का परिवहन करते पाए गए। पुलिस की इस ताबड़तोड़ कार्रवाई से अवैध कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप की स्थिति बन गई है।



पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देश और मार्गदर्शन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस टीम ने लगातार निगरानी और चेकिंग के दौरान इन ट्रकों को रंगे हाथों पकड़ा। कार्रवाई के बाद सभी 08 हाईवा ट्रकों को जब्त कर थाना परिसर में सुरक्षित खड़ा कराया गया है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आगे की वैधानिक एवं दंडात्मक कार्रवाई के लिए खनिज विभाग और राजस्व विभाग को विस्तृत प्रतिवेदन भेज दिया है। संबंधित विभागों द्वारा नियमों के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी।

गरियाबंद पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि कानून का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## कलर्स के सितारों ने फादर्स डे, वर्ल्ड म्यूज़िक डे और इंटरनेशनल योगा डे पर साझा किए अपने खास यादें और विचार

'दो दुनिया एक दिल' में बलदेव सिंह चौहान का किरदार निभा रहे सुधांशु पांडेय साझा करते हैं, मेरे लिए फादर्स डे कभी बड़े जश्न का दिन नहीं रहा। मेरी सबसे प्यारी यादें हमेशा साधारण पलों से जुड़ी हैं - निरवान और विवान के साथ वक्त बिताना, उनकी कहानियाँ सुनना, उन्हें अलग-अलग पड़ावों से गुजरते देखना या फिर डिनर टेबल पर हंसी-मज़ाक करना। एक पिता के तौर पर मैं हमेशा मानता हूँ कि बच्चों को यह याद रहता है कि आप उनकी ज़िंदगी में कितने मौजूद थे। आज जब मैं उन्हें जिम्मेदार नौजवान बनते देखता हूँ तो गर्व और आभार से भर जाता हूँ। यही भावनाएँ मैं हर अहम काम से पहले महसूस करता हूँ। और यही वजह है कि 'दो दुनिया एक दिल' में बलदेव का किरदार निभाना मेरे लिए इतना खास है। बलदेव ऐसा इंसान है जो अक्सर रिश्तों में ताकत, अहंकार और नियंत्रण को प्राथमिकता देता है, जबकि पिता होने ने मुझे सिखाया है कि सबसे मजबूत रिश्ते भरोसे, समझ और बिना शर्त प्यार से बनते हैं। हर बार जब मैं बलदेव का रूप धारण करता हूँ तो मुझे याद आता है कि असल ज़िंदगी में मैं किस तरह का पिता बनना चाहता हूँ। यही फर्क इस सफर को और भी मायनेदार बना देता है। सभी पिताओं को फादर्स डे की ढेर सारी शुभकामनाएँ।

'बरेली के बच्चन' में अजब सिंह का किरदार निभा रहे यशपाल शर्मा साझा करते हैं, पिता होने की एक बात मुझे हमेशा बेहद दिलचस्प लगी है कि समय के साथ आपकी भूमिका बदलती रहती है। जब बच्चे छोटे होते हैं तो उनका हाथ पकड़कर सड़क पार कराते हैं, और देखते ही देखते वे आपसे आगे चलने लगते हैं, अपने फैसले खुद लेने लगते हैं, अपनी ज़िंदगी खुद बनाने लगते हैं और आपको दुनिया को नए नज़रिए से देखना सिखाते हैं।

## शुद्ध पेयजल के लिए सघन क्लोरीनेशन अभियान जारी, 28 हजार से अधिक हैंडपंप होंगे जीवाणुमुक्त





### विशेष संधारण अभियान के तहत लगभग तीन हजार हैंडपंपों की हुई मरम्मत

**जगदलपुर/** ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग जगदलपुर मंडल द्वारा बस्तर, दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा जिलों में सघन क्लोरीनेशन अभियान चलाया जा रहा है। वर्षा ऋतु के पूर्व शुरू किए गए इस अभियान के तहत स्थापित हैंडपंपों और नल जल योजनाओं का व्यापक स्तर पर क्लोरीनेशन किया जा रहा है।

अभियान के दौरान मैदानी अमले द्वारा संबंधित क्षेत्रों के सभी गांवों में स्थापित पेयजल स्त्रोतों को जीवाणुरहित बनाने की प्रक्रिया की जा रही है। इसमें स्थानीय समुदाय की सहभागिता भी सुनिश्चित की गई है। जल प्रबंधन से अधिकतर महिलाओं के जुड़े होने के कारण महिला जल वाहिनी की सक्रिय भागीदारी देखने को मिल रही है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल और स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती जागरूकता को दर्शाता है।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता श्री कैलाश मंडरिया ने बताया कि आगामी 30 जून तक चलने वाले इस अभियान के तहत बस्तर, दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा जिले के साढ़े 28 हजार से अधिक हैंडपंपों तथा एक हजार से अधिक नल जल योजनाओं के क्लोरीनेशन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि लक्ष्य को समय सीमा के भीतर पूरा करने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। साथ ही जल प्रदाय योजनाओं की जलापूर्ति टंकियों की सफाई भी सुनिश्चित की जा रही है।

उन्होंने बताया कि क्लोरीनेशन अभियान के साथ-साथ हैंडपंपों की संधारण स्थिति की भी निगरानी की जा रही है। अप्रैल माह से चलाए गए विशेष संधारण अभियान के तहत लगभग तीन हजार हैंडपंपों की मरम्मत की गई तथा 5 हजार 600 से अधिक राइजर पाइप बदले गए हैं। वर्तमान में भी लगभग साढ़े पांच हजार से अधिक राइजर पाइप और अन्य आवश्यक स्पेयर पाट्र्स जिलों को उपलब्ध कराए गए हैं, ताकि आवश्यकता के अनुसार हैंडपंपों का सुधार कार्य जारी रखा जा सके।

## 20 मिनट में ढूंढ निकाली खोई हुई चांदी की करधन, मैनपुर पुलिस की तत्परता से महिला को मिली बड़ी राहत



**गरियाबंद।** जिला पुलिस जहां एक ओर अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है, वहीं आम नागरिकों की सहायता के लिए भी पूरी संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्य कर रही है। इसका एक सराहनीय उदाहरण थाना मैनपुर में देखने को मिला, जहां पुलिस की मुस्तैदी और त्वरित कार्रवाई से एक महिला की खोई हुई चांदी की करधन मात्र 20 मिनट के भीतर बरामद कर उसे सुरक्षित वापस सौंप दिया गया।

जानकारी के अनुसार, गौरघाट निवासी डोगेश ध्रुव अपने घर लौट रही थीं। इसी दौरान मैनपुर बस स्टैंड के पास उनके हाथ से चांदी की करधन कहीं गिरकर गुम हो गई। काफी देर तक स्वयं तलाश करने के बाद भी जब करधन का कोई पता नहीं चला, तो परेशान महिला सहायता की उम्मीद लेकर थाना मैनपुर पहुंचीं।

महिला ने थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक हरीश चंद ध्रुव को पूरी घटना की जानकारी दी। शिकायत मिलते ही उन्होंने तत्काल थाना पेट्रोलिंग टीम को सूचित किया। इसके बाद उपनिरीक्षक दीप कुमार, प्रधान आरक्षक हरीश चंद ध्रुव तथा आरक्षक अमर लाल नागेश तुरंत बस स्टैंड क्षेत्र में खोजबीन के लिए रवाना हुए।

पुलिस टीम ने सूझबूझ और तत्परता का परिचय देते हुए आसपास के क्षेत्र में सघन तलाश शुरू की। लगातार प्रयासों के बाद महज 20 मिनट के भीतर ही गुम हुई चांदी की करधन बरामद कर ली गई।

थाना परिसर में आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद पुलिस टीम ने पारदर्शी प्रक्रिया के तहत चांदी की करधन महिला को सुपुर्द कर दी। अपनी खोई हुई मूल्यवान वस्तु इतनी जल्दी वापस पाकर महिला के चेहरे पर खुशी लौट आई।

करधन वापस मिलने पर महिला और उनके परिजनों ने मैनपुर पुलिस की त्वरित सहायता, संवेदनशील कार्यशैली और ईमानदारी की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। इस घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया कि गरियाबंद पुलिस न केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने में अग्रणी है, बल्कि जरूरत पड़ने पर आम लोगों की मदद के लिए भी हमेशा तत्पर रहती है।

# विश्व योग दिवस पर प्रियदर्शिनी स्टेडियम में हुआ सामूहिक योगाभ्यास, विधायक किरण सिंह देव रहे मुख्य अतिथि

### सातों विकासखंड में भी योगाभ्यास का कार्यक्रम आयोजित

**जगदलपुर/** विश्व योग दिवस के अवसर पर प्रियदर्शिनी स्टेडियम में भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक श्री किरण सिंह देव शामिल हुए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं नागरिकों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया।





कार्यक्रम में महापौर श्री संजय पांडेय, अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधि, आईजी श्री सुंदरराज पीसीसीएफ सुश्री स्टायलो मंडावी, कलेक्टर, श्री आकाश छिकारा पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिन्हा, जिला पंचायत सीईओ श्री प्रतीक जैन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, पुलिस विभाग और नगर सेना के जवान एवं बहुसंख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में उपस्थित लोगों ने स्वास्थ्यवर्धक योगासन, प्राणायाम एवं विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक श्री किरण सिंह देव ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य परंपरा है, जो शरीर को स्वस्थ रखने के साथ-साथ मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है। उन्होंने सभी नागरिकों से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने नियमित योगाभ्यास से होने वाले स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी। सामूहिक योगाभ्यास के माध्यम से लोगों को निरोगी जीवन शैली अपनाने का संदेश दिया गया।इसके अलावा कार्यक्रम में स्वास्थ्य जीवन के लिए नशा मुक्ति का भी संकल्प लिया गया। कार्यक्रम से पहले विधायक और महापौर ने स्टेडियम परिसर में एक पेड़ माँ के नाम पर पौध रोपण भी किया।

इसके अलावा जिले के सभी विकासखंडों में भी योगाभ्यास किया गया, तोकापाल में आयोजित कार्यक्रम में विधायक चित्रकोट श्री विनायक गोयल भी शामिल हुए ।

# मुख्यमंत्री साय की ने राजनांदगांव में 510 करोड़ रुपये से अधिक लागत के 333 विकास कार्यों का किया लोकार्पण-भूमिपूजन

- सीएम हेल्पलाइन 1076, ई-डिस्ट्रिक्ट सेवाएं और बिजली बिल समाधान योजना से जनता को मिल रही राहत



**रायपुर (विश्व परिवार)।** किसानों की समृद्धि, गांवों का विकास और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी संकल्प के साथ राज्य सरकार प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को धरातल पर उतारते हुए प्रदेश में विकास और सुशासन के नए अध्याय लिख रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज राजनांदगांव के स्टेट हाई स्कूल मैदान में आयोजित प्रगतिशील किसान सम्मेलन एवं लोकार्पण-भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने राजनांदगांव जिले को 510 करोड़ 89 लाख रुपये से अधिक की लागत के 333 विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने शिवनाथ नदी के मोहारा मेला स्थल से ऑक्सीजन जोन तक सस्पेंशन ब्रिज, ईरा एनीकट निर्माण एवं संरक्षण कार्य, कुमरदा-गेंदाटोला-कल्लूबंजारी मार्ग निर्माण तथा घुमरिया व्यपवर्तन जीर्णोद्धार जैसे महत्वपूर्ण कार्यों की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राजनांदगांव जिले ने फसल चक्र परिवर्तन और जल संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है। यहां किसानों को पारंपरिक खेती के साथ दलहन, तिलहन एवं अन्य लाभकारी फसलों की ओर प्रेरित किया गया है, जिसके सकारात्मक परिणाम दिखाई दे रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि खरीफ 2026 से कृषक उन्नति योजना के तहत धान के स्थान पर दलहन, तिलहन अथवा अन्य फसल लेने वाले किसानों को प्रति एकड़ 15 हजार रुपये की आदान सहायता राशि प्रदान की जाएगी। इससे किसानों को फसल विविधीकरण के लिए प्रोत्साहन मिलेगा और उनकी आय में वृद्धि होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, कृषक उन्नति योजना, समर्थन मूल्य पर धान खरीदी और अन्य किसान हितैषी योजनाओं के माध्यम से किसानों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान की जा रही है। राज्य सरकार किसानों को खेती के लिए आवश्यक खाद और बीज समय पर उपलब्ध कराने के लिए भी प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सुशासन को मजबूत बनाने के लिए राज्य सरकार ने सीएम हेल्पलाइन 1076 प्रारंभ की है, जहां नागरिक अपनी समस्याएं दर्ज कराकर निर्धारित समय-सीमा में समाधान प्राप्त कर सकते हैं। इसी प्रकार ई-डिस्ट्रिक्ट प्रणाली के माध्यम से आय, जाति, निवास सहित विभिन्न विभागों की 400 से अधिक सेवाएं घर बैठे उपलब्ध कराई जा रही हैं।

# बाल विवाह पर प्रभावी रोकः प्रशासन की तत्परता से सुरक्षित हुआ नाबालिग का भविष्य

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा के उन्मूलन के लिए लगातार प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला प्रशासन, पुलिस विभाग तथा चाइल्ड हेल्पलाइन के समन्वित प्रयासों से राज्यभर में बाल विवाह रोकथाम की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं।



इसी क्रम में बलरामपुर जिले के विकासखंड कुसमी अंतर्गत ग्राम पंचायत कोरंधा में एक नाबालिग बालिका का बाल विवाह समय रहते रुकवाकर उसके सुरक्षित एवं उज्ज्वल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार संबंधित क्षेत्र में नाबालिग बालिका का विवाह तय किए जाने की सूचना मिलते ही महिला एवं बाल विकास विभाग, चाइल्ड हेल्पलाइन तथा पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर जांच की। जांच के दौरान बालक एवं बालिका दोनों की आयु विवाह के लिए निर्धारित वैधानिक आयु से कम पाई गई। इसके बाद टीम ने परिजनों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के प्रावधानों की जानकारी देते हुए बाल विवाह के कानूनी एवं सामाजिक दुष्परिणामों से अवगत कराया।अधिकारियों ने परिजनों को समझाया कि कम उम्र में विवाह बच्चों के शारीरिक, मानसिक, शैक्षणिक एवं सामाजिक विकास को प्रभावित करता है। विशेष रूप से अल्पायु में मातृत्व से बालिकाओं के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। समझाइश के पश्चात परिजनों ने विवाह स्थगित करते हुए बच्चों की निर्धारित आयु पूर्ण होने के बाद ही विवाह करने की सहमति व्यक्त की।

# स्वस्थ आयु के लिए योग अपनाने का संदेश, मंगल भवन में भव्य योग शिविर आयोजित



**भिलाई (विश्व परिवार)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्वस्थ आयु के लिए योग विषय पर नगर निगम भिलाई-चरोदा द्वारा मंगल भवन परिसर में भव्य योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों ने भाग लेकर योगाभ्यास किया और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया।

शिविर में योग प्रशिक्षकों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया। साथ ही योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों की जानकारी देते हुए नियमित योग करने के महत्व पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि योग स्वस्थ और संतुलित जीवन का आधार है तथा यह तनावमुक्त और निरोग जीवन जीने में सहायक है।

कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि सतीश साहू, दिलीप पटेल, परिषद में नेता प्रतिपक्ष खिलावन वर्मा, वरिष्ठ पार्षद फिरोज फारुकी सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। वहीं एसडीएम महेश सिंह राजपूत, निगम आयुक्त डी.एस. राजपूत सहित निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे। इसके अलावा विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी, सदस्य तथा बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने भी उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई।

कार्यक्रम का समापन सामूहिक योगाभ्यास एवं स्वस्थ जीवन के संकल्प के साथ हुआ।

# रायपुर के युवा योग आइकॉन आदित्य राजे सिंह को योग लीजेंड्स अवॉर्ड 2026




**रायपुर (विश्व परिवार)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 के अवसर पर रायपुर के 12 वर्षीय आदित्य राजे सिंह को छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (CCCI) द्वारा योग लीजेंड्स अवॉर्ड 2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान महापौर मीनल चौबे, श्री सतीश थौरानी, प्रदेश अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज तथा एमआईसी सदस्य डॉ. अनामिका सिंह द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी आश्रम की सरिता दीदी, स्वामी जयंत विष्णु भारती,छत्तीसगढ़ योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष और सचिव डॉ. मेजर सिंह सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। विश्व के सबसे कम उम्र के योग विषय के पीएचडी धारक एवं आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के प्रमाणित योग स्वयंसेवक आदित्य को इससे पूर्व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स से सम्मानित किया जा चुका है।

# महापौर अलका बाघमार ने विभिन्न विकास कार्यों का किया भूमिपूजन, शीघ्र निर्माण पूर्ण करने के दिए निर्देश

- बारिश से पूर्व कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं समय-सीमा में पूर्ण करने पर दिया जोर,



**दुर्ग (विश्व परिवार)।** नगर पालिक निगम दुर्ग क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार एवं नागरिकों को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आज महापौर अलका बाघमार ने विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इस दौरान लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर,शेखर चन्द्राकर, वार्ड पार्षद एवं नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, अजीत वैध,रंजीता पाटिल तथा बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

महापौर ने वार्ड क्रमांक 13 गजानन नगर में सड़क सीमेंटीकरण कार्य, मोहन नगर में नाली निर्माण कार्य तथा वार्ड क्रमांक 13 के अन्य क्षेत्रों में सड़क सीमेंटीकरण कार्य का भूमिपूजन किया। इसके साथ ही वार्ड क्रमांक 12 में प्रस्तावित सड़क सीमेंटीकरण कार्य का भी विधिवत भूमिपूजन कर निर्माण एजेंसियों एवं संबंधित अधिकारियों को कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार ने कहा कि नगर निगम द्वारा विभिन्न वार्डों में लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं, ताकि नागरिकों को मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि सड़क एवं नाली निर्माण कार्य पूर्ण होने से क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा बरसात के दौरान जलभराव जैसी समस्याओं से राहत प्राप्त होगी।

# ब्रेकिंग एंड सिक्योरिंग एआई- एडवर्सेरियल अटैक्स, डीपफेक्स एंड हेल्थकेयर सिस्टम्स विषय पर अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ




**रायपुर (विश्व परिवार)।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) रायपुर के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग द्वारा शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की स्पार्क (स्कीम फॉर प्रमोशन ऑफ एकेडमिक एंड रिसर्च कोलैबोरेशन) योजना के अंतर्गत ब्रेकिंग एंड सिक्योरिंग एआई-एडवर्सेरियल अटैक्स, डीपफेक्स एंड हेल्थकेयर सिस्टम्स विषय पर केंद्रित पांच दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का उद्घाटन 22 जून 2026 को किया गया। 22 से 26 जून 2026 तक आयोजित होने वाली यह कार्यशाला एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) से जुड़े उभरते सुरक्षा खतरों, एडवर्सेरियल अटैक्स, डीपफेक तकनीकों तथा स्वास्थ्य सेवाओं में एआई के सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग पर केंद्रित है। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि डीजीपी, छत्तीसगढ़ पुलिस, श्री गुरजिंदर पाल सिंह रहे। कार्यक्रम में सम्माननीय अतिथि के रूप में नेशनल स्पार्क कोऑर्डिनेटर एवं प्रोफेसर, आईआईटी खड़गपुर, डॉ. रबीब्रत मुखर्जी तथा एनआईटी रायपुर के निदेशक प्रो. एन. वी. रमना राव उपस्थित रहे, जबकि सुनी पॉलिटेक्निक इंस्टीट्यूट, अमेरिका के प्रोफेसर डॉ. जाहिद अख्तर एवं नेशनल सन यात-सेन यूनिवर्सिटी (एनएसवाईएसयू), ताइवान के प्रोफेसर डॉ. अरिजीत कराती विशेष अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में योग कार्यक्रम का आयोजन

**रायपुर (विश्व परिवार)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर रेल मंडल में आज व्यापक स्तर पर योग कार्यक्रम का आयोजन रेलवे सामुदायिक भवन, डब्ल्यू आर एस कॉलोनी, रायपुर रेल मंडल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक श्री दयानंद ने अधिकारियों कर्मचारियों के साथ मिलकर योगा किया।



अध्यक्षा सेक्रो, रायपुर श्रीमती शिखा सिंह ने सेक्रो पदाधिकारीयो के साथ मिलकर योगाभ्यास किया। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री बजरंग अग्रवाल वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी श्री राहुल गर्ग सहित सभी अधिकारियों कर्मचारियों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों को किया।

मंडल रेल प्रबंधक श्री दयानंद ने स्वस्थ, संतुलित और तनावमुक्त जीवन में योग के महत्व पर प्रकाश डाला एवं योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाकर स्वस्थ जीवन से स्वस्थ कार्य शैली की ओर कदम बढ़ाने पर जोर दिया।योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा तनावमुक्त जीवन जीने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# राहुल गांधी का छत्तीसगढ़ दौरा केवल राजनीतिक नौटंकीः केदार कश्यप

**रायपुर (विश्व परिवार)।** वनमंत्री केदार कश्यप ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के छत्तीसगढ़ दौरे पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि यह यात्रा राजनीतिक नौटंकी, दिखावे और कांग्रेस की आंतरिक गुटबाजी पर पर्दा डालने का एक असफल प्रयास मात्र थी। प्रशिक्षण शिविर के नाम पर आयोजित कार्यक्रम में न तो प्रदेश की जनता की समस्याओं पर कोई गंभीर चर्चा हुई और न ही कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ के विकास को लेकर कोई ठोस दृष्टि प्रस्तुत की।



केदार कश्यप ने कहा कि राहुल गांधी कुछ घंटों के लिए छत्तीसगढ़ आए, कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देने का दावा किया और फिर कैमरों के सामने आयोजित प्रतीकात्मक गतिविधियों में व्यस्त रहे। इससे स्पष्ट है कि कांग्रेस के पास न कोई नीति बची है और न ही जनता के बीच जाने का कोई वास्तविक एजेंडा।

**CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION COMPANY LIMITED**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) GSTN-22AADCC5773E1ZX CIN-U40108CT2003SGC015820
**OFFICE OF THE EXECUTIVE DIRECTOR (LINE)**
Block-4, Near CSPTCL Dispensary, Dagania, Raipur (C.G.) Website: www.cspc.co.in
E-Mail- ce.eht@cspc.co.in Phone no. 0771 – 2574221, 2574028 Fax No.2574222

No. 02-05/Pur/Tender-536/ 671 Raipur, Date: 19.06.2026

**NOTICE INVITING TENDER (Through E-Bidding)**

Sealed tenders are invited from eligible bidders for supply of following material:-

| Sl. | Tender No. | Particulars of works | Cost of Tender document (Rs) (Including GST @ 18%) | E.M.D. (in Rs.) | Due date of opening |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Tender -536 RFx No.- 8100052375 | Supply of OPGW and its Hardware for LILO of OPGW link between EHV Line . | Rs. 2000/- | Rs.12,440/- | 17.07.2026 at 15:30 Hrs. |

For all other details of NIT and term & condition, please visit our website www.cspc.co.in/csptcl/tendernotices.

SAVE ELECTRICITY samwad- 48225/2 EXECUTIVE DIRECTOR (LINE) CSPTCL, Raipur

# यह बस्तर के विकास का नया स्वर्णिम अध्यायः यशवन्त जैन



**रायपुर (विश्व परिवार)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री यशवन्त जैन ने कहा है कि दल्लीराजहरा-रावघाट रेल परियोजना के अंतर्गत रावघाट से रेल परिवहन की शुरुआत होने के बाद बस्तर के विकास को एक नई गति मिली है। इस ऐतिहासिक शुरुआत का साक्षी बनते हुए भाजपा के प्रदेश महामंत्री श्री जैन ने रविवार को इस नए रेलमार्ग से पहली बार रावघाट पहुँचने के बाद सोमवार को रावघाट से वापस राजधानी रायपुर लौटे। यात्रा से लौटने पर उन्होंने अपने अनुभवों को साझा करते हुए इसे क्षेत्र के लिए एक युगान्तरकारी बदलाव बताया।

भाजपा प्रदेश महामंत्री श्री जैन ने रावघाट स्टेशन पहुँचने पर कहा कि यह सिर्फ एक रेल यात्रा नहीं है, बल्कि बस्तर के संघर्ष, विकास और यहाँ के निवासियों के सपनों के साकार होने की यात्रा है। राजधानी लौटने पर श्री जैन ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि रावघाट से रेल का परिचालन शुरू होना बस्तर के इतिहास में एक नया स्वर्णिम अध्याय है। दशकों से इस क्षेत्र के लोग जिस रेल सेवा की प्रतीक्षा कर रहे थे।

**सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया** शाखा : सदर बाजार, जिला - रायपुर (छ.ग.)
**Central Bank of India** BRANCH : SADAR BAZAR, DIST - RAIPUR (C.G.)

परिशिष्ट - IV-A [ नियम 8(6) का प्रावधान देखें ]

**अचल संपत्तियों के विक्रय हेतु विक्रय सूचना**

**अचल संपत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना सरफेसी अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सपठित नियम 8 (6) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के प्रावधानों सहित**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को तथा देनदारों एवं जमानतदारों को विशेष रूप से यह सूचना दी जाती है कि रक्षित लेनदार के पास बंधक रखी गई निम्नलिखित अचल संपत्ति, जिसका प्रलक्षित कब्जा प्राधिकृत अधिकारी, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया - रक्षित लेनदार, द्वारा लिया जा चुका है, ''जहाँ है जैसी है'' ''जो है जैसी है'' तथा ''जहाँ है वैसी है'' आधार पर यहां नीचे उल्लेखित दिनांक को रक्षित लेनदार- सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा देनदारों तथा जमानतदारों से बकाया राशि की वसूली हेतु विक्रय की जाएगी। संबंधित संपत्ति का आरक्षित मूल्य तथा धरोहर जमा राशि यहाँ नीचे उल्लेखित है:-

**ई-नीलामी की तिथि : 08.07.2026** | **नोट : सभी संपत्तियों की नीलामी एक साथ की जाएगी।**

| स. क्र. | देनदार तथा सह-देनदार/जमानतदार के नाम | बकाया राशि (रक्षित ऋण) मांग सूचना तथा कब्जा सूचना की तिथि | आरक्षित मूल्य / धरोहर जमा राशि / बिड वृद्धि राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | **एनपीए खाता - मे. श्रीपुर पॉवर्स एंड स्टील लिमिटेड,** 12, एकात्म परिसर, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) तथा **जमानतदार - 1. श्री कुशल चंद्राकर** पिता श्री भूषण लाल चंद्राकर, **2. श्रीमती प्रभा चंद्राकर** पिता यादव राम चंद्राकर, **दोनों निवासी** - 12, एकात्म परिसर, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.), **3. श्री गौरव चंद्राकर** पिता श्री ढालेन्द्र चंद्राकर, **4. श्रीमती संगीता चंद्राकर** पति मुन्ना लाल चंद्राकर, **5. श्री हरेश चंद्राकर** पिता श्री भूषण लाल चंद्राकर, **6. श्री धनंजय चंद्राकर** पिता श्री भूषण लाल चंद्राकर, **7. श्री पूनम चंद्राकर** पिता श्री भूषण लाल चंद्राकर, **8. श्रीमती राधा बाई चंद्राकर** पिता श्री भाऊ राम चंद्राकर तथा **9. श्री ढालेन्द्र चंद्राकर** पिता श्री भूषण लाल चंद्राकर, **सभी निवासी** - पुरानी मंडी रोड, गंजपारा, महासमुंद (छ.ग.) | रू. **33,63,49,901/-** + उस पर ब्याज तथा व्यय, मांग सूचना दिनांक : **23.05.2018** कब्जा सूचना दिनांक : **25.09.2018** | **संपत्ति क्र. 01, 02 तथा 03 हेतु -** रू. **14,02,92,000/-** (संपत्ति क्र. 01 तथा 02 की फैक्ट्री भूमि तथा भवन हेतु रु. 430.25 लाख एवं मशीनरी हेतु रु. 353.40 लाख तथा संपत्ति क्र. 03 की व्यवसायिक भूमि तथा भवन हेतु रु. 619.27 लाख) / रू. **1,40,29,200/-** / रू. **1,00,000/-** |

**अचल संपत्ति का विवरण :-** **1. न्यायोचित बंधक** - मे. श्रीपुर पॉवर एंड स्टील लिमिटेड के नाम पर खसरा क्र. 215, 263/2, 263/4, मौजा - ग्राम - बिरबिरा, प.ह.नं. 5, रा.नि.मं. - पटेवा, तहसील व जिला - महासमुंद (छ.ग.), कुल क्षेत्रफल 3.26 हेक्टेयर पर स्थित परिवर्तित व्यवसायिक भूमि, भवन सहित कंपनी की प्लांट तथा मशीनरी के साथ अंतर्निहित हिस्से व अन्य स्थायी संपत्तियां। **बाऊण्ड्री :-** उत्तर में - शासकीय भूमि, दक्षिण में - शासकीय वन भूमि, पूर्व में - साबिर की भूमि, पश्चिम में - संतोष की भूमि। **2. न्यायोचित बंधक** - मे. श्रीपुर पॉवर एंड स्टील लिमिटेड के नाम पर खसरा क्र. 269, 214, 267, 268, 270 तथा 283, मौजा - ग्राम - बिरबिरा, प.ह.नं. 5, रा.नि.मं. - पटेवा, तहसील व जिला - महासमुंद (छ.ग.), कुल क्षेत्रफल 3.94 हेक्टेयर पर स्थित परिवर्तित व्यवसायिक भूमि, भवन सहित कंपनी की प्लांट तथा मशीनरी के साथ अंतर्निहित हिस्से व अन्य स्थायी संपत्तियां। **बाऊण्ड्री :-** उत्तर में - शासकीय भूमि, दक्षिण में - शासकीय वन भूमि, पूर्व में - शासकीय भूमि, पश्चिम में - अतिक भाई की भूमि। **3.** (1) श्री धनंजय चंद्राकर, (2) पूनम चंद्राकर, (3) श्री ढालेन्द्र चंद्राकर, (4) हरेश चंद्राकर तथा (5) कुशल चंद्राकर सभी के पिता श्री भूषण चंद्राकर के नाम पर बरोंडा चौक, खसरा क्र. 1951/38/1/1, पीसी. क्र. - 89, अरेदेश नगर, वार्ड-21, क्षेत्रफल 25670.0 वर्गफीट, महासमुंद (छ.ग.) पर स्थित व्यवसायिक भूमि तथा भवन का समस्त भाग तथा अंश। **बाऊण्ड्री :-** उत्तर में - नर्सिंग होम, दक्षिण में - सड़क, पूर्व में - बागबाहरा रोड, पश्चिम में - सरवन चंद्राकर की भूमि।

**नियम एवं शर्तें:-** 1. ई-नीलामी की तिथि एवं समय : **08.07.2026 , प्रातः 12.00 बजे से सायं 03.00 बजे तक।** (बोली के मामले में बंद होने से पहले अंतिम दस मिनट में ऑटो एक्सटेंशन क्लॉज के साथ), नीलामी बैंक के अनुमोदित सेवा प्रदाता **"https://baanknet.com"** के माध्यम से आयोजित की जाएगी। अन्य विवरण, नियम और शर्तों के लिए, इच्छुक बोलीदाता हमारे बैंक की वेबसाइट **https://www.centralbankofindia.bank.in** और **https://baanknet.com** का अवलोकन कर सकते हैं। 2. अधिक जानकारी हेतु कृपया संपर्क करें : **उमेन्द्र सिंह, शाखा प्रमुख, शाखा - सदर बाजार, मो. - 8269679155.,** से किसी भी कार्यदिवस पर कार्यालयीन अवधि के दौरान संपर्क कर सकते हैं।
3. नीलामी विक्रय ''जहां है, जैसा है, जो है और जो कुछ है'' के आधार पर आयोजित की जाती है। बैंक को किसी भी लंबित शुल्क, कर आदि की जानकारी नहीं है। क्रेता इसे सत्यापित करने के लिए बाध्य हैं और यदि कोई हो तो उसे वहन करना होगा।
विक्रय के विस्तृत नियम एवं शर्तों की जानकारी हेतु कृपया रक्षित लेनदार की वेबसाइट www.centralbankofindia.co.in पर तथा सेवा प्रदाता की वेबसाइट **https://baanknet.com** का संदर्भ लें।

**वैधानिक 15 दिन विक्रय सूचना सरफेसी अधिनियम 2002 नियम 8 (6) के अंतर्गत**

देनदार/जमानतदार/बंधककर्ता को एतद् द्वारा रक्षित लेनदार के बकाया देय की वसूली हेतु अचल/चल रक्षित संपत्ति के विक्रय के लिए अधिसूचित किया जाता है।

**दिनांक - 20.06.2026, स्थान - रायपुर** **प्राधिकृत अधिकारी, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया**

**OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (CIVIL), CSPGCL,**
Shed No. 11, Dangania, Raipur-492013 Phone No. 0771-2574562,
website www.cspc.co.in E-mail:- civilprojectcmg@gmail.com

**No.04-04/W/556** **Raipur, date 17.06.2026**

**E-TENDER NOTICE**

Online bids are invited through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from contractors registered in appropriate class in CSPGCL. The unregistered contractor having work experience in Govt./Public Sector Undertaking/ Local bodies/Power Generating Companies in India only may be considered on submission of experience certificate for following works as mentioned below:-

| Tender Specifi. No. | Name of Work | NIT value |
|---|---|---|
| CEC/HTPS-KW/W/ 2026 40 | Annual operation and maintenance of 2 MLD Sewage Treatment Plant HTPS, CSPGCL, Korba West **E-Comp. No.-306350** | 28.13 Lacs |
| CEC/HTPS-KW/ W/ 2026/41 | Annual cleaning of sewer line, septic tank & manhole etc. by mechanical means of AB, CD & FG type colony at HTPS, CSPGCL, Korba West **E-Comp. No. 361209** | 13.78 Lacs |

Note:- (i) The detailed NIT, Eligibility Criteria, Tender document & other details can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal.(ii) NIT value is inclusive of GST @ 18%.

SAVE ELECTRICITY samwad- 48231/2 Chief Engineer (Civil) CSPGCL, Raipur

### डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आज

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि आज प्रात 11 बजे राजधानी शहर रायपुर के जीई मार्ग में स्थित शारदा चौक के किनारे स्थित डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा के समक्ष उनका सादर ससम्मान नमन करने पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि कार्यक्रम में उनके प्रतिमा स्थल के आसपास की विशेष सफाई, स्थल की पुष्पसज्जा सहित अन्य आवश्यक प्रशासनिक व्यवस्थायें रायपुर नगर पालिक निगम के सस्कृति विभाग के तत्वावधान में रायपुर नगर पालिक निगम के सम्बंधित जोन क्रमांक 2 के सहयोग से की जायेंगी।

# भोरमदेव शक्कर कारखाना ने रचा देश में भुगतान नया रिकॉर्ड किसानों के भरोसे और सहकारिता की सफलता का प्रतीक बना



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** गन्ना किसानों के लिए सबसे बड़ी चिंता अक्सर समय पर भुगतान की होती है, लेकिन कबीरधाम जिले का भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना इस मामले में देश के लिए मिसाल बना है। लगातार दूसरे वर्ष कारखाने ने जून माह में ही किसानों को समर्थन मूल्य (एफआरपी) और अतिरिक्त रिकवरी राशि का शत-प्रतिशत भुगतान कर देश के सहकारी शक्कर उद्योग में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यही कारण है कि यह कारखाना केवल चीनी उत्पादन का केंद्र नहीं, बल्कि किसानों के भरोसे और सहकारिता की सफलता का प्रतीक बन गया है।

रविवार को आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की उपस्थिति में 29.83 करोड़ रुपये सीधे किसानों के बैंक खातों में अंतरित किए गए। इसमें 6.91 करोड़ रुपये एफआरपी की शेष राशि और 22.92 करोड़ रुपये अतिरिक्त रिकवरी राशि शामिल है। इसके साथ ही पेराई सत्र 2025-26 में किसानों को कुल 107.10 करोड़ रुपये का भुगतान पूरा हो गया है।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि यह उपलब्धि केवल आर्थिक भुगतान नहीं, बल्कि किसानों और सहकारिता व्यवस्था के बीच मजबूत विश्वास का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि भोरमदेव शक्कर कारखाना किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि हजारों किसानों का अपना संस्थान है। उन्होंने किसानों से अधिक से अधिक गन्ना उत्पादन और आपूर्ति करने का आह्वान करते हुए आगामी सत्र में चार लाख मीट्रिक टन से अधिक गन्ना पेराई का लक्ष्य हासिल करने का आह्वान किया। भोरमदेव शक्कर कारखाना केवल समय पर भुगतान नहीं बल्कि किसान हितैषी नवाचारों के कारण भी चर्चा में है। लगातार तीसरे वर्ष 12 प्रतिशत से अधिक शुगर रिकवरी, रियायती दर पर शक्कर वितरण में सहभागिता, 'बलराम सदन' कृषक प्रतीक्षालय, मिट्टी परीक्षण सुविधा, प्रेसमड वितरण, उन्नत गन्ना बीज एवं सीडलिंग और नियमित प्रशिक्षण जैसी पहलें किसानों की लागत कम करने और उत्पादन बढ़ाने में मददगार हैं। वहीं, कारखाना परिसर में संचालित शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना के तहत श्रमिकों को मात्र पांच रुपये में भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है।

भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना के चेयरमैन एवं कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में अपनाई गई पारदर्शी और किसान-केंद्रित कार्यप्रणाली ने इसे देश के अग्रणी सहकारी शक्कर कारखानों में शामिल कर दिया है। समय पर भुगतान, आधुनिक तकनीक, उत्पादन वृद्धि और किसानों की सक्रिय भागीदारी ने यह साबित कर दिया है कि जब सहकारिता मजबूत होती है तो केवल उद्योग नहीं, बल्कि पूरी ग्रामीण अर्थव्यवस्था नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ती है।

# मैट्स विश्वविद्यालय रायपुर में 2 दिवसीय राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ हुआ



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मैट्स विश्वविद्यालय, रायपुर (छत्तीसगढ़) के शारीरिक शिक्षा एवं योग विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस "Research Trends in Physical Education, Sports Science and Yoga" का शुभारंभ 22 जून 2026 को माँ सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ संपन्न हुआ।

इस राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में देशभर से शिक्षाविदों, शोधार्थियों, खेल वैज्ञानिकों एवं योग विशेषज्ञों ने सहभागिता की। सम्मेलन के दौरान शारीरिक शिक्षा, खेल विज्ञान एवं योग के क्षेत्र में उभरती शोध प्रवृत्तियों, नवाचारों तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोणों पर गहन चर्चा एवं विचार-विमर्श किया गया। वक्ताओं ने खेल एवं योग के मानव स्वास्थ्य, प्रदर्शन क्षमता तथा समग्र विकास पर पड़ने वाले प्रभावों को वैज्ञानिक आधारों के साथ प्रस्तुत किया।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) के. पी. यादव एवं कुलसचिव श्री गोकुला नंदा पंडा ने विभाग द्वारा किए जा रहे शैक्षणिक एवं शोधपरक प्रयासों की सराहना करते हुए ऐसे आयोजनों को ज्ञान-विनिमय एवं अनुसंधान संवर्धन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री गजराज पगारिया एवं महानिदेशक श्री प्रियेश पगारिया ने सम्मेलन की सफलता हेतु अपनी शुभकामनाएँ एवं आशीर्वचन प्रदान करते हुए आयोजन की उज्ज्वल सफलता की कामना की ।विश्वविद्यालय के

कुलपति प्रो. (डॉ.) के. पी. यादव एवं कुलसचिव श्री गोकुला नंदा पंडा ने विभाग द्वारा किए जा रहे शैक्षणिक एवं शोधपरक प्रयासों की सराहना करते हुए ऐसे आयोजनों को ज्ञान-विनिमय एवं अनुसंधान संवर्धन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री गजराज पगारिया एवं महानिदेशक श्री प्रियेश पगारिया ने सम्मेलन की सफलता हेतु अपनी शुभकामनाएँ एवं आशीर्वचन प्रदान करते हुए आयोजन की उज्ज्वल सफलता की कामना की।

# रायपुर में टीवीएस राइडर का भव्य महा डिलीवरी समारोह, 101 ग्राहकों को सौंपी गईं नई बाइकें




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रायपुर के प्रतिष्ठित मरीन ड्राइव, तेलीबांधा में TVS मोटर कंपनी एवं रायपुर के पांच प्रमुख TVS डीलरशिप्स द्वारा TVS Raider 101 Delivery Event का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर 101 ग्राहकों को TVS Raider की डिलीवरी प्रदान की गई।

कार्यक्रम में रायपुर के प्रमुख TVS डीलर्स SAI TVS, HIRA TVS, BHARAT TVS, AVVNI TVS एवं RAIPUR TVS ने संयुक्त रूप से भाग लिया। प्रत्येक डीलरशिप से 15-15 ग्राहकों ने इस आयोजन में हिस्सा लिया, जिससे पूरे कार्यक्रम में उत्साह और उमंग का माहौल रहा।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण स्व्रष्घ्4 छ्हड्ड2 रहा, जिसमें प्रत्येक डीलरशिप से 3-3 भाग्यशाली ग्राहकों का चयन किया गया। कुल 15 विजेताओं को LED TV उपहार स्वरूप प्रदान किए गए, जिससे ग्राहकों की खुशी दोगुनी हो गई। इस अवसर पर TVS Raider ABS TFT Green Colour Variant का भी विशेष लॉन्च किया गया। आकर्षक Hawaiian Band की प्रस्तुतियों ने समारोह को और भी यादगार बना दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिष्ठित उद्योगपति श्री कैलाश खेमानी एवं श्री विवेक गर्ग उपस्थित रहे। दोनों अतिथियों ने ग्राहकों को शुभकामनाएं देते हुए ञ्झङ्कस् ऋड्डद्बस्रद्गह्म् की आधुनिक तकनीक, स्टाइलिश डिजाइन और बेहतरीन परफॉर्मेंस की सराहना की।




# एनटीपीसी नवा रायपुर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 मनाया गया

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** एनटीपीसी-नवा रायपुर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 बहुत उत्साह के साथ मनाया गया, जिसमें कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। 21 जून 2026 को नवा रायपुर कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में, इन-हाउस योग प्रशिक्षक और डीजीएम श्री जे.पी. मौर्य और उनकी टीम ने प्रतिभागियों को योग के विभिन्न आसन सिखाए। इस साल के योग दिवस की थीम है: 'स्वस्थ उम्र बढने के लिए योग' इस अवसर पर श्री बी.एन. झा (ED-OS), श्री हर्ष आहूजा ED (USSC C&M), अधिकारी और उनके परिवार के सदस्य मौजूद थे।

# राज्यपाल रमेन डेका ने रोटरी क्लब ग्रेटर रायपुर के सेवा कार्यों सराहना की



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रोटरी क्लब ग्रेटर रायपुर के एक प्रतिनिधिमंडल ने लोक भवन में माननीय राज्यपाल श्री रमेन डेका से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर समाज हित और जन-कल्याण से जुड़े विविध महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस दौरान, राज्यपाल श्री डेका ने रोटरी क्लब द्वारा संचालित विभिन्न समाज कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह क्लब सेवाभाव से प्रेरित एक सुव्यवस्थित और समर्पित संगठन है। सामूहिक प्रयासों की महत्ता पर बल देते हुए, उन्होंने ने कहा कि समाज के समग्र विकास और जन-कल्याण के लक्ष्यों को तभी सुनिश्चित किया जा सकता है, जब सभी संस्थाएं और नागरिक एकजुट होकर साथ कार्य करें। इस बैठक में राज्यपाल ने सामाजिक उत्थान और सामुदायिक विकास से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर प्रतिनिधिमंडल को अपना मार्गदर्शन भी प्रदान किया।

## महापौर ने महाराजबंध तालाब में निर्माणाधीन एसटीपी की प्रगति कार्य को देखा



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** आज रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के माध्यम से महाराजबंध तालाब में निर्माणाधीन 3 एमएलडी क्षमता के एसटीपी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के कार्य की प्रगति का प्रत्यक्ष निरीक्षण नगर निगम जोन 5 जोन अध्यक्ष अम्बर अग्रवाल, जोन कमिश्नर खीरसागर नायक, स्मार्ट सिटी उप अभियंता श्री योगेन्द्र साहू, शुभम तिवारी, जोन स्वास्थ्य अधिकारी संदीप वर्मा की उपस्थिति में किया. महापौर ने कार्य की कछुआ छाप गति देखकर इसे लेकर अनुबंधित ठेकेदार मेसर्स समृद्धि वाटर वर्क्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि को कड़ी फटकार लगायी और तत्काल अतिरिक्त श्रमिक लगाकर शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए.

## श्रुत पंचमी महापर्व पर निकली जिनवाणी माता की भव्य शोभायात्रा





**रायपुर ।** श्रुत पंचमी महापर्व के पावन अवसर पर शंकर नगर स्थित श्री चंद्रप्रभ दिगंबर जैन मंदिर से श्री जिनवाणी माता को पालकी में विराजमान कर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। प्रात: की बेला मे आयोजित इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। श्रुत पंचमी पर्व जैन धर्म में ज्ञान की आराधना का महत्वपूर्ण पर्व माना जाता है। इस दिन प्रथम जैन आगम ग्रंथ 'षट्खंडागम ' की रचना पूर्ण होने के पावन स्मरण में जिनवाणी माता की विशेष पूजन अर्चना की जाती है। यह मांगलिक आयोजन परम पूज्य मुनि श्री 108 सुतीर्थ सागर जी महाराज एवं पूज्य क्षुल्लक श्री 105 ध्यान सागर जी महाराज के सान्निध्य में धर्मसभा का आयोजन हुआ। अपने मंगल प्रवचनों में मुनि श्री सुतीर्थ सागर जी महाराज ने कहा कि जिनवाणी आत्मकल्याण का मार्ग प्रशस्त करती है तथा जीवन में ज्ञान, संयम और सदाचार का महत्व स्थापित करती है। हमे सदा जिनवाणी की सेवा विनय करते रहना चाहिए। कार्यक्रम का आयोजन श्री चंद्रप्रभ दिगंबर जैन पंचायत सेवा समिति एवं प्रतिमा महिला मंडल, शंकर नगर, रायपुर द्वारा किया गया।

## आवास मेला-2025 के लक्की ड्रॉ का सफल आयोजन, विजेताओं की हुई घोषणा



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय आवास मेला-2025 तथा इसके उपरांत 31 दिसम्बर 2025 तक मंडल की विभिन्न आवासीय एवं व्यावसायिक योजनाओं में पंजीयन कराकर भवन आबंटन प्राप्त करने वाले पात्र हितग्राहियों के लिए विशेष लक्की ड्रॉ का आयोजन आज दिनांक 22 जून 2026 (सोमवार) को अपराह्न 3:00 बजे मंडल मुख्यालय, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर में हितग्राहियों एवं पत्रकारों के उपस्थिति में किया गया।

लक्की ड्रॉ कार्यक्रम छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल के अध्यक्ष श्री अनुराग सिंह देव तथा आयुक्त श्री अवनीश शरण की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित किया गया। ड्रॉ की संपूर्ण प्रक्रिया लॉटरी पद्धति के माध्यम से पारदर्शी एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराई गई, जिसका अवलोकन उपस्थित हितग्राहियों एवं अधिकारियों द्वारा किया गया।

## प्रमोद गड़ेकर (जैन) भाऊ का निधन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** श्री राम नगर फेश 1,शंकर नगर निवासी 74 वर्षीय प्रमोद गड़ेकर ( जैन ) सुपुत्र स्व , श्री एच. सी. जैन ( सेवानिवृत्त आधिकारि बैंक ऑफ इंडिया) का आज दिनॉंक 22. 06. 2026 सोमवार को आकस्मिक निधन हो गया. उनका अन्तिम संस्कार शाम 4 बजे मारवाड़ी मुक्तिधाम में किया गया. वे अंकित जैन के पिता थे.

# जिंदल स्टील मशीनरी डिवीजन ने मंदिर हसौद संयंत्र में योग दिवस मनाया






**रायपुर ( विश्व परिवार )।** जिंदल स्टील मशीनरी डिवीजन ने अपने मंदिर हसौद स्थित विनिर्माण संयंत्र में उत्साहपूर्वक अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया। इस अवसर पर कंपनी ने कर्मचारियों के स्वास्थ्य, कल्याण एवं समग्र विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुन: दोहराया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रात:काल एक विशेष योग सत्र के साथ हुई, जिसका संचालन जिंदल स्टील मशीनरी डिवीजन की योग गुरु सुश्री गीता शर्मा द्वारा किया गया। विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया। इन गतिविधियों का उद्देश्य तनाव कम करना, शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देना तथा मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करना था।

इस अवसर पर उपस्थित कर्मचारियों को संबोधित करते हुए सुश्री गीता शर्मा ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला और सभी को इसे अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा, योग शरीर और मन दोनों को सशक्त बनाने का एक प्रभावी माध्यम है। यदि हम योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें, तो हम बेहतर स्वास्थ्य, अधिक कार्यक्षमता और संतुलित जीवन प्राप्त कर सकते हैं। इससे कार्यस्थल का वातावरण भी अधिक सकारात्मक और ऊर्जावान बनता है।

इस कार्यक्रम में कर्मचारियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने स्वास्थ्य एवं कल्याण के प्रति उनकी बढ़ती जागरूकता को प्रदर्शित किया। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों द्वारा शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन एवं सजग जीवनशैली को दैनिक जीवन में अपनाने की सामूहिक शपथ के साथ हुआ।

जिंदल स्टील अपने कर्मचारियों के लिए स्वस्थ, सुरक्षित एवं सकारात्मक कार्य वातावरण सुनिश्चित करने हेतु इस प्रकार की कल्याणकारी पहलों को निरंतर प्रोत्साहित करता रहा है तथा भविष्य में भी करता रहेगा।




25 वर्ष का अनुभव RIFCO TAX CONSULTANTS Since 1998
GST
ITR
फाइल बनवाएं मात्र 500/-
हमारे Tax Expert आपकी मदद हेतु तैयार हैं।
- Income Tax फाइल - GST रजिस्ट्रेशन - TDS Return
- CMA Data - MSME Registration - Balance Sheet
- प्रोजेक्ट रिपोर्ट-GST Return - फूड लाइसेंस
संपर्क : शेखर गुप्ता Whatsaap पर बनवाएं
WWW.ONLYTDS.COM
9300755544

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354